वर्ष- 22 अंक - 85 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, सोमवार 07 सितंबर 2026



## फ्रांस में खुल गया पहला हिंदू मंदिर

**पेरिस.एजेंसी।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में देश का पहला पारंपरिक हिंदू मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बीएपीएस अक्षरधाम संस्थान के गुरु महंतस्वामी महाराज ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को पूरा किया। इसमें यूरोप, अमेरिका, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया सहित 40 से ज्यादा देशों से आए संतों, भक्तों और गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

## अफगानिस्तान में भूकंप

**काबुल.एजेंसी।** अफगानिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.1 मापी गई। फिलहाल भूकंप से किसी बड़े नुकसान या जानमाल के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है।

# चिताएं देखकर रो पड़ा गांव

# 40 वाली सस्ती शराब ने ली 18 की जान, नेता का भी नाम





**सागर ● एजेंसी**

सागर जिले के कई गांवों में जहरीली शराब से 18 मौतें हो चुकी हैं। 100 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती हैं। बताया जाता है कि उत्तरप्रदेश की 40 रुपए वाली सस्ती शराब के कारण यह मौतें हुईं। इन मौतों के कारण कई गांवों के कई घरों में मातम पसर गया। अपनों की मौत पर परिजन रो-रो कर बिलखते और अपने बाल नोंचते नजर आए। अपनों की चिताएं देखकर गांव रो पड़े। बताया जाता है कि तितरवारा गांव के एक भाजपा नेता का नाम भी इस मामले में सामने आया है, जो शराब सप्लाई करता था। कई शराब दुकानों को सील कर दिया गया और शराब के सैंपल जांच के लिए भेजे गए। इस शराब कांड के बाद मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम, अशोक नगर, रतलाम, जावरा में कई शराब दुकानों की जांच की गई और सैंपल भी जांच के लिए भेजे गए।



## दिल्ली में 'मौत की इमारत' का मालिक हरिराम फरार

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

दिल्ली में रविवार दोपहर गिरी इमारत का मलबा अभी भी हटाया जा रहा है। हादसे में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है और 12 लोगों को बचाया गया है। 5 लोग गंभीर घायल हैं। अभी भी कई लोगों के दबे होने की आशंका है। रेस्क्यू डॉग और कैमरे के सहायता से लोगों की तलाश की जा रही है। 'मौत की इस इमारत' का मालिक हरिराम फरार है। पुलिस उसके घर पहुंची तो वह घर पर नहीं मिला। पुलिस ने गुरुग्राम और दिल्ली समेत कई जगह उसकी तलाश में छापे मारे हैं। इस बीच हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें गेट के पास बैठा एक शख्स दिखाई दे रहा है। जैसी ही बिल्डिंग गिरी यह शख्स भाग खड़ा हुआ और उसकी जान बच गई।

**तलाश में कई जगह छापे, अभी भी कई दबे हुए हैं**

## नेपाल की बाढ़ से भारत में जहरीला हुआ पानी

**सोमवार ● एजेंसी**

नेपाल में आई जानलेवा बाढ़ के कारण अब नेपाल से सटे उत्तरप्रदेश के कुशीनगर और महाराजगंज के गांव में पानी जहरीला हो गया जिससे लोगों के शरीर में इंफेक्शन फैल रहा है। सबसे पहले इसकी चपेट में वे बुजुर्ग आए जो आपदा के बाद खेतों में काम करने गए। अब उनसे यह संक्रमण घर के दूसरे लोगों में पहुंच रहा है। शरीर में अलग-अलग जगहों पर निशान पड़ रहे है। नेपाल की बाढ़ में अब तक 1344 की मौत हो चुकी है और 5000 लोग लापता हैं।

## एयरपोर्ट के पास ड्रोन दिखने से मचा हड़कंप

**अमृतसर.एजेंसी।** अमृतसर के श्री गुरु रामदासजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे के आसपास रविवार रात संदिग्ध ड्रोन देखे गए। इसके बाद एहतियात के तौर पर अमृतसर आने वाली सात उड़ानों को डायवर्ट किया गया। ड्रोन की गतिविधि सामने आने के बाद सीआईएसएफ, पंजाब पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। ये ड्रोन गांव रुढ़ाला की तरफ से एयरपोर्ट की ओर आते नजर आए और कुछ समय तक रनवे व आसपास के संवेदनशील क्षेत्र में मंडराते रहे।

## चर्च के उत्सव में धमाका, 10 की मौत, 64 घायल

**टेमास्कालसिंगो.एजेंसी।** मेक्सिको में एक चर्च के धार्मिक उत्सव के दौरान आतिशबाजी के सामान में जोरदार धमाका हो गया। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई और 64 लोग घायल हुए हैं। धमाके की वजह से एक दीवार भी गिर गई। सैकड़ों लोग आतिशबाजी देखने के लिए जमा हुए थे।

## गंगा के सैलाब ने रोका शवयात्राओं का रास्ता

**मुंगेर.एजेंसी।** बेगूसराय के सिमरिया इलाके में गंगा के लगातार बढ़ते जलस्तर से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। बिंदटोली और मल्हीपुर बिंद टोली के घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। श्मशान घाट जाने वाली मुख्य सड़क डूबने के कारण शवयात्राओं को रामघाट की ओर रास्ता बदलना पड़ रहा है।

## बुर्ज खलीफा से ऊंचा टॉवर

**दुबई.एजेंसी।** दुबई के बुर्ज खलीफा से दुनिया की सबसे ऊंची इमारत का खिताब छिन सकता है। सऊदी अरब के जेद्दा शहर में एक ऐसी गगनचुंबी इमारत तैयार हो रही है, जिसकी ऊंचाई बुर्जखलीफा से भी ज्यादा होगी। जेद्दा टॉवर के नाम से बन रही इस इमारत की ऊंचाई 1000 मीटर होगी। जबकि बुर्ज खलीफा की ऊंचाई 828 मीटर है।

## डिवाइडर से टकराई गाड़ी 6 की मौत, 27 घायल

**बागपत.एजेंसी।** बागपत के बड़ागांव के पास ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। हादसे में एक बच्ची सहित कुल 6 की मौत हो गई। जबकि 27 अन्य घायल हो गए।



## रनवे से बाहर निकलकर गाड़ियों से टकराया प्लेन, लगी आग, 5 की मौत

**मियामी.एजेंसी।** अमेरिका के मियामी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बोइंग कार्गो प्लेन लैंडिंग के बाद रनवे से बाहर निकल गया। इस दौरान प्लेन कई गाड़ियों से टकरा गया और उसमें भीषण आग लग गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, 5 अन्य घायल हुए हैं, जिनमें 3 की हालत गंभीर है। विमान की चपेट में आई कई गाड़ियों में लोग फंस गए थे। वहीं, विमान के पायलट और को-पायलट भी कॉकपिट में फंसे हुए थे।

# इंदौर में बेकाबू कार ने ले ली दो दोस्तों की जान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शहर के बाणगंगा थाना क्षेत्र के मरीमाता के समीप भीषण सड़क हादसे में दो दोस्तों की जान चली गई। बेकाबू तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार राज पिता रवि सोनेरे और नंदकिशोर सोलंकी को जोरदार टक्कर मार दी जिससे राज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया और नंदकिशोर ने इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि दोनों दोस्त घूमने निकले थे, जो उनका अंतिम सफर बन गया। विस्तृत समाचार पृष्ठ 12 पर।

# ब्लॉक की बैठक में कांग्रेस ने दिया हर वार्ड से 2 हजार रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर कांग्रेस ने कल प्रदेश कांग्रेस की सहप्रभारी उषा नायडू और शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे, कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग की मौजूदगी में ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक बुलाई। खजराना ब्लॉक के गोलू पठान पहले की बैठक में भी नहीं आए थे और कल भी नहीं पहुंचे तो चर्चा बनी। कुछ ने कहा कि वे महंगाई के प्रदर्शन से भी नदारद थे। ब्लॉक की मीटिंग में एक ब्लॉक अध्यक्ष ने राहुल गांधी से मुलाकात की बात कही तो सहप्रभारी उषा नायडू का लहजा नाराजगी का था और यहां तक कहा कि तुम इंदौर वाले काम करने से ज्यादा दिखावा ज्यादा करते हो। तुम लोगों की प्रतिष्ठा पहले ही ठीक नहीं है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि उनके अधीन आने वाले वार्डों में कल मंगलवार से गुरुवार तक तीन दिनों में 2 हजार से ज्यादा का लक्ष्य पूरा किया जाए। यह लक्ष्य प्रारंभिक है इसे बाद में बढ़ाया जाएगा। कल रात तक 75 हजार रजिस्ट्रेशन हो जाने की बात भी चिन्टू चौकसे ने बताई। चौकसे ने यह भी कहा कि हम लाखों में रजिस्ट्रेशन कराने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। इधर कांग्रेस ने 85 वार्डों में 1 लाख 70 हजार का लक्ष्य तीन दिनों में दिया है और उधर कल बैठक में भाराछासं और युवक कांग्रेस को भी छात्रावास और कॉलेजों की जिम्मेदारी लक्ष्य के साथ तय की गई।

**तीन दिन में करना है प्रारंभिक टारगेट, इसके बाद और बढ़ेगा मिशन**

उल्लेखनीय है कि कल ही कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल चिन्टू चौकसे, सत्यनारायण पटेल, राजेश चौकसे, दीपू यादव, अमन बजाज, शैलेष गर्ग रविवार होने के बावजूद कलेक्टर शिवम वर्मा से रेसीडेंसी पर मिला था और तीन जगह विश्वविद्यालय कैम्पस ग्राउण्ड और शासकीय आर्ट्स एंड कॉमर्स व रीजनल पार्क के सामने की जगह पर स्वीकृति देने की बात की थी। कलेक्टर ने 24 घंटे का समय भी लिया है। अभी जगह तय नहीं हुई और रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं और आंकड़ा अच्छाखासा प्रारंभिक लक्ष्य को प्राप्त कर चुका है।

# राहुल गांधी को मिल की झांकी दिखाने और स्थिति बताने के लिए फिर पहल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मालवा मिल गणेशोत्सव की झांकी दिखाने और बंद कपड़ा मिल के मजदूरों से सीधे संवाद राहुल गांधी से कराने के प्रयास पहले भी राहुल निहारे और श्यामसुन्दर यादव ने शहर कांग्रेस के माध्यम से किए थे। बात आगे नहीं बढ़ी तो अब छात्रों की गूंज में 19 सितम्बर को इंदौर आ रहे राहुल गांधी को मालवा मिल गणेशोत्सव में झांकी दिखाने और मजदूरों से संवाद कराने के लिए अब जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े को मोनू बैरवा ने पत्र दिया। मिले बंद होने के बाद 35 हजार मजदूर परिवार आज भी परेशानी में हैं, जिन्हें राहुल गांधी से मिलवाया जाए और मुद्दा लोकसभा में उठे।



## सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका-डॉ. यादव

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई गति देने के लिए मध्यप्रदेश अग्रणी भूमिका निभाने को तैयार है। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि राज्य में अत्याधुनिक तकनीक, निवेश और नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है, जिससे मध्यप्रदेश देश के उभरते सेमीकंडक्टर इको सिस्टम का महत्वपूर्ण केंद्र बन सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सेमीकंडक्टर तकनीक भारत के आत्मनिर्भर और विकसित भविष्य की आधारशिला है। देश में तकनीकी क्षेत्र में हो रहे बदलाव और विकास में मध्यप्रदेश भी सहभागी बन रहा है। सेमीकंडक्टर इंडिया प्रोग्राम 2.0 में मध्यप्रदेश अपनी भूमिका मजबूत कर रहा है। केंद्र सरकार द्वारा 6 राज्यों में 12 सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दिए जाने के बाद इस क्षेत्र में देश की गति तेज हुई है।



## जिले के कांग्रेसी भी जाएंगे घर-घर

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और संगठन महामंत्री डॉ. दौलत पटेल की मौजूदगी में कल जिले के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक आयोजित की। वानखेड़े ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ घर-घर पहुंचे और वहां छात्रों से मुलाकात कर उन्हें रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित करें।

# दो दिनों तक होगी यात्री परिवहन विजन समिट

## सुरक्षित सफर और ग्रीन मोबिलिटी हमारी प्राथमिकता-मुख्यमंत्री

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में आधुनिक परिवहन व्यवस्था के विस्तार के साथ सुरक्षित सफर और ग्रीन मोबिलिटी को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक्स' पर संदेश में कहा कि मध्यप्रदेश में सुरक्षित, सुगम और पर्यावरण अनुकूल यात्री परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देने के उद्देश्य से आगामी 11 एवं 12 सितम्बर को इंदौर में 'यात्री परिवहन विजन समिट-2026' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर यात्री को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक परिवहन की सुविधा मिले। सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल और प्रभावी बनाने में सार्वजनिक-निजी भागीदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यात्री परिवहन विजन समिट इसी दिशा में भविष्य की ठोस रूपरेखा तैयार करेगा। समिट में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण तथा इसमें सार्वजनिक-निजी भागीदारी की भूमिका पर विशेषज्ञों, निवेशकों और नीति-निर्माताओं द्वारा विचार-विमर्श किया जाएगा। समिट का फोकस सुरक्षित परिवहन के साथ हरित परिवहन और बेहतर मोबिलिटी की दिशा में नए अवसर तलाशने पर केंद्रित रहेगा। यह समिट प्रदेश की यात्री परिवहन व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित, टिकाऊ और तकनीक-सक्षम बनाने के लिए संभावित निवेश और साझेदारी के नए द्वार खोलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## सांसद कराएंगे राजबाडा पर हरतालिका तीज महोत्सव

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सांसद शंकर लालवानी इस वर्ष भी हरतालिका तीज 13 सितम्बर रविवार को राजबाडा चौक पर रात 9 बजे से महिला भजन संध्या का आयोजन कराएंगे। इस आयोजन में बडी संख्या में मातृशक्तियां अलसुबह तक भजन कीर्तन पर नृत्य करती है। यह सभी महिलाएं हरतालिका तीज पर व्रत रखती है और शाम को पूजन के बाद वे राजबाडा पहुंचती है और कीर्तन महोत्सव में शिरकत करती है।



## भाजपाई ने किया प्रतिमा का दुग्धाभिषेक

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा में मंत्री के दायित्व के बाद लखन देपाले ने लक्ष्मणसिंह गौड प्रतिमा महूनाका पर दुग्धाभिषेक कर माल्यार्पण किया। शिवसिंह गौड, रोहित यादव, आशा खोडे, किरण सोलंकी,राहुल यादव, मनीष इमोलिया, गोलू गंधारे, सुनील कोतुल, भय्यू यादव, गोलू चौधरी, शिव भारले,राज मालवीय,राहुल देपाले, आकाश निहाले, मोहित देपाले, विशाल शेलवाने, शाहिल बामने, अन्नू बामने, शावन परमार, शिव बामने सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## छात्रों की गूंज के लिए खान समन्वयक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

19 सितम्बर को राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए युवक कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारी जावेद खान को समन्वयक बनाया गया है। छात्रों से अब वे समन्वय स्थापित करेंगे। यह नियुक्ति शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे ने की है।

# मंत्री ने गाया गीत तो दूसरे मंत्री और ताई ने भी सुना





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

गीतकार और राजनेता रहे विट्ठलभाई पटेल की स्मृति में कल रविन्द्र नाट्यगृह में संगीत और सम्मान का आयोजन किया। गजल, गीत सूफी रंग में डूबी इस महफिल में प्रस्तुतियां हुई तो उनमें मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दो गीत गाये तो मंत्री तुलसीराम सिलावट और सुमित्रा महाजन ताई ने भी गीत सुना। फिल्मी गीत, गजल और सूफी रंग की महफिल में सम्मान का आयोजन भी हुआ। डॉ. प्रदीप सालगिया, डॉ. सुनील एम. जैन, डॉ. मनोज बंसल, वैद्य दिनेश व्यास, साहित्यकार वीरेंद्र प्रधान, शिक्षाविद करुणा राजुरकर, नृत्य साधिका तृप्ति शिंदे का सम्मान किया गया।

# सांसद लालवानी ने रेलवे अधिकारी के समक्ष जताई नाराजगी

## दिए निर्देश, सिंहस्थ के पहले विकास कार्य हो पूर्ण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कल इन्दौर में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार, पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय एवं वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ इंदौर क्षेत्र की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सांसद शंकर लालवानी ने देरी से चल रहे कामों पर नाराजगी जाहिर की और साफ तौर पर कहा कि सिंहस्थ के कारण महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर गति देना होगी। रेलवे से सम्बंधित विकास कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ के दौरान इंदौर-उज्जैन क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं यात्रियों के आने की संभावना है, इसलिए रेलवे की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। लालवानी ने इंदौर से संचालित होने वाली प्रमुख ट्रेनों के संचालन एवं प्लेटफॉर्म व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों के समक्ष महत्वपूर्ण सुझाव रखे। उन्होंने 14802 इंदौर-जोधपुर एक्सप्रेस, 12465 रणथंभौर एक्सप्रेस एवं 12415 इंदौर-दिल्ली एक्सप्रेस के संचालन एवं समय को लेकर यात्रियों की सुविधा के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की।उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म नंबर 5 एवं 6 पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रेनों के संचालन के कारण यात्री एवं यातायात का दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में ट्रेनों के संचालन को प्लेटफॉर्म नंबर 1 से 4 के बीच बेहतर तरीके से व्यवस्थित कर प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर दबाव कम किया जाना चाहिए, जिससे यात्रियों को आवागमन में परेशानी न हो। लालवानी ने ट्रेनों में बेडशीड की उपलब्धता, स्टेशन पर सफाई को लेकर भी अधिकारियों के समक्ष नाराजगी जताई। अधिकारियों के साथ लालवानी ने शास्त्री ब्रिज का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और स्थायी ब्रिज के निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया।ब्रिज के लिए आवश्यक सर्वे कराने एवं आगे की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। सांसद लालवानी ने इंदौर रेलवे स्टेशन के निर्माण एवं पुनर्विकास कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जा सकता है, उन्हें प्राथमिकता से पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इंदौर की बढ़ती यात्री आवश्यकताओं एवं सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए रेलवे अधोसंरचना को भविष्य के अनुरूप तैयार किया जाए।

# राहुल गांधी के आगमन से भाजपा में डर और बौखलाहट-कांग्रेस

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने कहा कि 19 सितंबर को 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए राहुल गांधी के प्रस्तावित इंदौर आगमन से भाजपा नेताओं में डर, घबराहट और बौखलाहट साफ दिखाई दे रही है। कांग्रेस को नेहरू स्टेडियम की अनुमति देने से इंकार करने के बाद अब भाजपा नेता उन स्थानों पर भी आपत्ति जता रहे हैं, जहां भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भाजपा सरकार और प्रशासन ने स्वयं राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए अनुमति दी थी। चौरसिया ने कहा कि जब भारत जोड़ो यात्रा के दौरान रीजनल पार्क के सामने स्थित भारत जोड़ो मैदान में कार्यक्रम की अनुमति दी गई थी, तो आज उसी स्थान को लेकर आपत्ति क्यों? स्थान वही है, प्रशासन वही है, फिर नियम और आपत्ति के मापदंड क्यों बदल गए? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कार्यक्रम के लिए चार से अधिक वैकल्पिक स्थान जिला प्रशासन के समक्ष रखे हैं, जिनमें अटल बिहारी आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज ग्राउंड, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय खंडवा रोड ग्राउंड, रीजनल पार्क के सामने भारत जोड़ो मैदान सहित अन्य स्थान शामिल हैं। कांग्रेस का उद्देश्य स्पष्ट है कि प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए उपयुक्त स्थान पर शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम आयोजित किया जाए। चौरसिया ने बताया कि इस संबंध में इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा एवं जिला प्रशासन से कांग्रेस के सत्यनारायण पटेल, चिंटू चौकसे, राजेश चौकसे, दीपू यादव, शैलेश गर्ग सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने मुलाकात कर वैकल्पिक स्थानों पर चर्चा की है। चौरसिया ने कहा कि राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं और देश की 140 करोड़ जनता की लोकतांत्रिक विपक्षी आवाज हैं। भाजपा सत्ता के दमन और प्रशासनिक दबाव के जरिए उस आवाज को दबाने की कोशिश कर सकती है, लेकिन लोकतंत्र की आवाज को रोक नहीं सकती। उन्होंने कहा कि 19 सितंबर को इंदौर में छात्रों की गूंज सुनाई देगी। भाजपा की घबराहट बता रही है कि राहुल गांधी की आवाज और युवाओं का सवाल सत्ता को कितना परेशान कर रहा है।

## सांसद-विधायक और अध्यक्ष रहे बैठक में मौजूद

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा 5 के कार्यकर्ता सम्मेलन और बैठक का आयोजन विधायक महेन्द्र हार्डिया ने किया था। सांसद शंकर लालवानी, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक महेन्द्र हार्डिया, निशांत खरे, नानूराम कुमावत, राजेश उदावत, नन्दकिशोर पहाड़िया, दीपक राजोरिया, उमेश मंगरोला, महेश बसवाल, मलखान कटारिया, जसराज शर्मा, राकेश गोयल, भगवती उपाध्याय, नरेश पुरोहित, शेखर चौधरी, वासुदेव पाटीदार, दुर्गेश मिंजवा, दिनेश रोकड़े, पिंटू पंवार, गब्बर चौधरी, रोहित पालीवाल, सुदेश राजोरिया, मांगीलाल जोशी, अज्जू बौरासी, गोपाल सिंगार, आशीष मेव, कपिल पांडे, दीपक यादव भगवान, दिलीप नागराज, करण ऑटोदिया, अतुल राजपूत, दीपक कदम, आशु गोयल, मनोहर जोशी मौजूद थे।







# भाजपा कार्यसमिति की बैठक में एक माह के आयोजन पर चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक होने वाले सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रम पर बैठक होटल में बुलाई थी। नगर कार्यसमिति की घोषणा पिछले सप्ताह हुई थी, जिसकी बैठक पिछले सप्ताह हुई थी। इस एक माह के अभियान में 13 कार्यक्रम किए जाएंगे, जिसमें आशीर्वाद का दीया, मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता, नमो सेवा गाथा, आँगन का उत्सव, कहानी बदलाव की, विकसित भारत संकल्प यात्रा, सेवा ज्योति यात्रा, बड़नगर से वाराणसी यात्रा, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार, रंगोली राष्ट्र, जनसेवा महाकुंभ पंचायत से पार्लियामेंट जैसे आयोजन होंगे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, राजेश सोलंकी, सुमित मिश्रा, पुष्यमित्र भार्गव, कृष्णमुरारी मोघे, बाबूसिंह रघुवंशी, मालिनी गौड़, महेन्द्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, राकेश शुक्ला, जीतू जिराती, सुदर्शन गुप्ता, गोपीकृष्ण नेमा, डॉ. निशांत खरे, आलोक दुबे, कैलाश शर्मा, सौगात मिश्रा, भूपेन्द्रसिंह केसरी, नितिन शर्मा, श्रेष्ठ जोशी, निखिल सोनी, भूपेन्द्र चौहान, थान सिंह, अंजू माखीजा, मुद्रा शास्त्री, दीप्ति हाड़ा, नेहा शर्मा, मंजू ठाकुर, कंचन गिदवानी, वरुण पाल, रितेश शर्मा, दीपांश खंडेलवाल, राजा कोठारी, वासुदेव पाटीदार, अमरदीप मौर्य सहित अन्य मौजूद थे।



## सेवा संकल्प में गांव-गांव पहुंचेगी भाजपा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सेवा संकल्प अभियान का आयोजन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जिला भाजपा द्वारा किया जाना है। इस अभियान के जरिये पहले से गांव-गांव पहुंची भाजपा फिर से इस अभियान में गांव-गांव पहुंचेगी। शासकीय योजनाओं की जानकारी बूथ के हर घर-घर में दी जाएगी। इस आयोजन को लेकर कल जिला भाजपा ने कार्यशाला सह कार्यसमिति बैठक आयोजित की, जिस पर विस्तृत चर्चा भी की गई।

## कुक्षी में मेंदोला ने ली बैठक, मुख्यमंत्री का फोन आया तो कहा- करो संबोधित



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा 2 के विधायक रमेश मेंदोला कुक्षी में नगरीय निकाय उपचुनाव के प्रभारी है, वे जब कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे थे इसी दौरान उनके पास मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का फोन आया। इस पर मेंदोला ने मुख्यमंत्री यादव से कहा कि आप कुक्षी के कार्यकर्ताओं को फोन पर ही संबोधन कर देवे। इसके बाद सीएम ने कार्यकर्ताओं को उपचुनाव के लिए संगठन के लिए काम करने के लिए कहा। मेंदोला ने भी मौके पर चौका लगाते हुए मुख्यमंत्री को चुनाव प्रचार के लिए निमंत्रण दे दिया।**

# अनूप शुक्ला को फिर से परशुराम सेना का दायित्व

## प्रदेश भर के 400 पदाधिकारी की मौजूदगी में हुआ सर्वसम्मति से निर्णय

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



इंदौर से जुड़े भाजपा नेता अनूप शुक्ला को तीन वर्षों के अच्छे कार्यकाल के बाद फिर से दूसरी बार परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। प्रदेश के 55 जिलों से 400 पदाधिकारियों की कल भोपाल बैठक में मौजूदगी थी। बैठक की अध्यक्षता परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पं. विष्णु राजोरिया ने की। कार्यों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया गया। संरक्षक राकेश चतुर्वेदी ने प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए जैसे ही अनूप शुक्ला के नाम का प्रस्ताव रखा सभी 400 पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से तालियां बजाकर अनूप शुक्ला के नाम की स्वीकृति दी। तीन सालों के कार्यकाल की सराहना भी हुई। अनूप शुक्ला का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। विष्णु राजोरिया और अनूप शुक्ला ने कहा कि परशुराम सेना हर तहसील और गांव तक संगठन खड़ा करेगी। ब्राह्मण समाज के हर वर्ग की समस्या के समाधान के लिए संस्था तत्पर रहेगी। पूर्व की कार्यकारिणी का तीन माह के लिए विस्तार किया गया। हर जिला अध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारियों को लक्ष्य दिया गया, इसके क्यूआर कोड भी जारी किया गया, आने वाले तीन माह में 2 लाख सदस्य बनाने का संकल्प भी लिया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से विष्णु राजोरिया, अनूप शुक्ला, राकेश चतुर्वेदी, देवेंद्र शास्त्री, सुधीर शर्मा, डॉ. श्रीकांत अवस्थी, सुरेंद्र चतुर्वेदी, नर्मदाप्रसाद भार्गव, प्रेम गुरु, प्रवीना अग्निहोत्री, सुनील उपाध्याय, गौरीशंकर शर्मा, डॉ. वंदना मिश्रा, प्रेम बागोरा, नमन दुबे, दीपक शर्मा, प्रकाश शर्मा, धीरज मैथिल, धर्मेंद्र जोशी, प्रमोद महोदय मौजूद थे।

# हम ऐसे तो नहीं...वरना सात बार नम्बर वन नहीं आते

## क्या सफाईमित्रों को एक दिन भी छुट्टी मनाने का हक नहीं!

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**शनिवार को वाल्मीकि समाज का प्रमुख त्योहार गोगानवमी पर्व मनाया गया। इस कारण कल रविवार को शहर के सफाई मित्रों का अवकाश था। साल में एक बार छुट्टी मनाने वाले सफाईमित्र नहीं आए तो कुछ लोगों ने शहर की स्वच्छता पर दाग लगाने में कसर नहीं छोड़ी और सड़क किनार लगे डस्टबीन के आसपास कचरा रख दिया।**






इन्दौर शहर लगातार सात बार स्वच्छता में अव्वल रहा है। इसमें सफाई मित्रों का अहम योगदान तो है ही, वहीं जनभागीदारी और जनजागरूकता ने भी अपना योगदान दिया है। ऐसे में साल में केवल एक दिन सफाईमित्र अपने काम पर नहीं आए तो हालात यह बन गए कि लोग शहर की स्वच्छता को ही भूल गए। कुछ वार्ड में कचरा गाड़ी जरूर पहुंची, लेकिन कचरा गाडियों का उचित संचालन नहीं हो सका। सफाइमित्र दीपावली जैसे त्योहार पर भी छुट्टी नहीं मनाते है ऐसे में अगर वे एक दिन अपने मुख्य त्योहार के कारण अवकाश पर है तो शहरवासियों का भी दायित्व बनता है कि वे एक दिन कचरा अपने पास ही रख लेते। आज से तो सफाईमित्र और कचरा गाड़ी ड्रायवर, हेल्पर सभी काम पर लौट आए है। वीआईपी रोड स्थित पुलिस लाइन गार्डन के बाहर और आसपास लोगों ने थैली में भरकर कचरा रख दिया जो शहर की सुन्दरता और सौन्दर्यता पर प्रभाव डाल रहा था। कल रात तक डस्टबीन के आसपास थैलियों का ढेर लग गया था। खाली प्लाट पर भी लोगों ने कचरा फेंका। हालांकि सफाईमित्रों ने आज सुबह काम पर आते ही सफाई शुरू कर दी।

इधर जनप्रतिनिधि,अधिकारियों ने भी कल सुबह झाड़ू थामी थी। हालांकि उन्होंने औपचारिक सफाई की। अधिकारी और जनप्रतिनिधि द्वारा सम्भाले गए स्वच्छता कार्य में खास जनभागीदारी नहीं थी। यही कारण है कि कई जगह कल कचरा पड़ा नजर आया।

# गांधीनगर चौराहा पर बह रहा है पानी





## रहवासियों ने जताया विरोध, कहा रोजाना हजारों लीटर पानी हो रहा बर्बाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

### निगमकर्मी ने कहा-रोड खुदाई की लेना होगी स्वीकृति उसके बाद होगा काम

गांधीनगर चौराहा के समीप गांधी प्रतिमा के पास पीने के पानी की लाइन में बड़ा लीकेज होने कारण हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। रहवासी सुरेश नेमीचंद जैन, नीतेश कुशवाह ने बताया कि लीकेज के बाद हमने जब निगम कर्मी बृजेश निषाद से पानी लीकेज बंद करने के लिए कहा तो उन्होंने कहा कि पूरी लाइन खोदना पड़ेगी उसके बाद ही सब ठीक होगा और लाइन खोदने के लिए निगम से परमिशन लेना होगी, तब तक यह पानी लीकेज ठीक नहीं होगा। रहवासियों ने कहा कि यह ज़रुरी कार्य है, इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को देकर फोन पर ही स्वीकृति ले लेना चाहिए, जिससे पानी तो नहीं बहे, यह पानी लोगों को मिले, जो रोड पर बह रहा है।






# कलेक्टर कार्यालय में "नो हेलमेट...नो एन्ट्री"

## कार सवारों को भी लगाना पड़ा सीट बेल्ट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

यातायात पुलिस द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को ठीक करने के लिए लगातार नए प्रयोग किए जा रहे हैं। पुलिस ने ड्रोन से चालान बनाने के अलावा अब कलेक्टर कार्यालय में आज सुबह ड्यूटी दी। यातायात पुलिस कर्मियों ने कलेक्टर कार्यालय में आने वाले कर्मचारी और अपने काम से आए लोगों को बिना हेलमट के एन्ट्री नहीं दी। पुलिस कर्मियों ने उन्हें वापस लौटने को कहा। कलेक्टर कार्यालय के द्वार पर ही पुलिसकर्मी खड़े थे। दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट के अलावा चार पहिया वाहनों के चालकों ने भी सीट बेल्ट लगाया गया है या नहीं इसकी भी जांच की गई, जिन्होंने सीट बेल्ट नहीं लगाया था उन्हें हिदायत दी और सीट बेल्ट लगवाया गया, जिसके बाद उन्हें अन्दर प्रवेश की अनुमति मिली। कल मंगलवार को नियमित जनसुनवाई होगी, ऐसे में पुलिस की सख्ती कलेक्टर कार्यालय में कितने दिन रहेगी यह मुख्य बात है। जब पुलिस ने आज बिना हेलमट के एन्ट्री नहीं दी तो कुछ लोगों ने जुगत की और आसपास के क्षेत्र में अपने वाहन पार्क किए और फिर पैदल कार्यालय में एन्ट्री ली।

## अहीरखेड़ी में अवैध निर्माण पर कार्रवाई



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राऊ विधानसभा के झोन 21 वार्ड 79 के अहीरखेड़ी में 4 भवनों को पूर्व में नगर निगम ने नोटिस जारी किए थे, जिसमें से आज एक मकान पंकज पंवार का नगर निगम ने बिना अनुमति अवैध कालोनी निर्माण पर तोड़ दिया गया। उसके बाद बारी-बारी से अन्य मकानों को भी तोड़ा गया। यह मकान कुछ माह से बन रहे थे इन पर अभी प्लास्टर भी नहीं हुआ था और इनके तोड़ने की कार्रवाई कर दी गई। पुलिसकर्मी और निगमकर्मी इस दौरान मौजूद रहे।

## राजसी सवारी में शामिल होने इन्दौर से निकले कई महाकाल भक्त

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भादौ मास के दूसरे सोमवार को आज बाबा महाकाल की उज्जैन में राजसी सवारी निकाली जाएगी। अंतिम सवारी में शामिल होने के लिए इन्दौर से बड़ी संख्या में भक्त उज्जैन के लिए निकले है। इन्दौर के अलग-अलग समूह द्वारा उज्जैन में भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। इसके अलावा आसपास के क्षेत्र से भी बडी संख्या में सवारी में शामिल होने भक्त पहुंच रहे है। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पालकी का पूजन करेंगे।

# जमीन ली, निर्माण तोड़े... अब टीडीआर से भरपाई के दावे

## 23 सड़कों का वादा, 51 को टीडीआर मिला अब आरई-2 के 88 प्रभावितों को मिलेगा लाभ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**शहर में सड़क चौड़ीकरण के लिए निजी जमीन और मकान-दुकानों के बाधक हिस्से हटाने के बाद अब प्रभावितों को मुआवजे के विकल्प के तौर पर ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स (टीडीआर) देने की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। भूरी टेकरी से आरटीओ ऑफिस होते हुए नायता मुंडला तक बन रही आरई-2 सड़क के 88 प्रभावितों को टीडीआर का लाभ देने के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएंडसीपी), भोपाल ने सड़क को जनरेटिंग एरिया घोषित कर दिया है। इसके साथ ही 15 दिन में दावे-आपत्तियां बुलाकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।**

करीब 45 मीटर चौड़ी की जा रही आरई-2 सड़क में 88 लोगों की जमीन और मकान-दुकानों के बाधक हिस्से आ रहे हैं। सड़क निर्माण में निजी जमीन के साथ शासकीय जमीन भी शामिल है। अब टीडीआर देने के लिए जनरेटिंग एरिया घोषित होने के बाद आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। इसके बाद गजट नोटिफिकेशन जारी होगा और पात्र प्रभावितों को टीडीआर सर्टिफिकेट जारी किए जा सकेंगे।

### पहले 11 प्रभावित अब 88 की बारी

आरई-2 से पहले साकेत नगर से रिंग रोड (मनीषपुरी) को जोड़ने वाली सड़क के चौड़ीकरण में प्रभावित 11 लोगों को टीडीआर देने के लिए जनरेटिंग एरिया घोषित कर आपत्तियां बुलाई गई थीं। अब आरई-2 के प्रभावितों के लिए भी इसी व्यवस्था को लागू किया जा रहा है। टीडीआर के तहत सड़क के लिए ली गई पात्र निजी जमीन या प्रभावित हिस्से के बदले जमीन मालिक को विकास अधिकार का प्रमाणपत्र दिया जाता है। इसका उपयोग अतिरिक्त निर्माण क्षमता के रूप में किया जा सकता है। पात्रता और नियमों के अनुसार इसे दूसरे व्यक्ति को ट्रांसफर भी किया जा सकता है।

### चार सड़कों पर 51 को प्रमाणपत्र, 50 और तैयार

इंदौर में अब तक चार सड़क परियोजनाओं पर ही टीडीआर सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं। इनमें महू नाका-टोरी कॉर्नर, सरवटे बस स्टैंड-गंगवाल बस स्टैंड, व्यास ब्रिज-जिंसी और बड़ा गणपति-राजमोहल्ला (गणेशगंज) सड़कें शामिल हैं। इन चार सड़कों के लिए 51 प्रभावितों को टीडीआर सर्टिफिकेट दिए जा चुके हैं, जबकि करीब 50 अन्य प्रभावितों को प्रमाणपत्र जारी करने की तैयारी है। इन चार सड़क परियोजनाओं में करीब 1211 लोगों की निजी जमीन प्रभावित हुई है। सड़क चौड़ीकरण के लिए करीब 2.25 लाख वर्गफीट निजी जमीन लिए जाने की जानकारी सामने आई है।

### 23 सड़कों पर टीडीआर का वादा

मास्टर प्लान की 23 सड़कों के प्रोजेक्ट की लागत करीब 468 करोड़ रुपए बताई गई थी। इनमें आरई-2, आरडब्ल्यू-1, एमआर-4, योजना क्रमांक 155 नंदबाग रोड, सुभाष मार्ग, जिंसी-नेमीनाथ चौराहा, जिंसी-लक्ष्मीबाई प्रतिमा, भगीरथपुरा रोड, भंवरी-राजशाही गार्डन, जंजीरवाला चौराहा-अटल द्वार, मधुमिलन-कैंटोनमेंट चौराहा, एडवांस्ड एकेडमी-रिंग रोड और जीपीओ-सरवटे बस स्टैंड सहित अन्य सड़कें शामिल हैं यहां भी आने वाले समय में टीडीआर का लाभ प्रभावितों को दिया जाएगा।

# 1000 रु. से ज्यादा के पेट्रोल की खरीदी का डिजिटल पेमेंट मंजूर नहीं

## ऑनलाइन पेमेंट में बढ़ती धोखाधड़ी को देखते हुए इंदौर के पेट्रोल पंप का फैसला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। ऑनलाइन पेमेंट में धोखाधड़ी किए जाने के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। इस तरह की घटनाओं को देखते हुए इंदौर के पेट्रोल पंप के द्वारा यह फैसला लिया गया है कि यदि 1000 रु. से ज्यादा का पेट्रोल डलवाया जाता है तो उसका भुगतान ऑनलाइन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस तरह के फैसले का बोर्ड लगाकर ऐलान कर दिया गया है।

भारत सरकार के द्वारा हर स्तर पर डिजिटल पेमेंट को प्रमोट किया जा रहा है। सरकार चाहती है कि देश के नागरिक जहां भी पेमेंट करना है वहां पर ज्यादा से ज्यादा गूगल पे, पेटीएम जैसे प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए पेमेंट करें। इस तरह के प्लेटफार्म से पेमेंट किए जाने से पेमेंट देने वाले के खाते से राशि काटकर जिसे पेमेंट किया जा रहा है उसके खाते में हस्तांतरित कर दी जाती है। इससे पूरा पेमेंट रिकॉर्ड पर रहता है और सरकार को तथा आयकर विभाग को भी यह क्लियर रहता है कि किस व्यक्ति अथवा फर्म के द्वारा कितना पेमेंट किस कार्य में किया जा रहा है।



इस व्यवस्था के कारण एक दूसरा फायदा यह होता है कि बार-बार नोट का लेनदेन करने से नोट गल जाता है और खराब हो जाता है। ऐसी स्थिति में रिजर्व बैंक आफ इंडिया को एक समय सीमा के बाद इस नोट को नष्ट करना पड़ता है और उसके एवज में नया नोट छापना पड़ता है। इस पूरी प्रक्रिया से भी पैसे का बहुत ज्यादा नुकसान होता है। इस नुकसान को बचाने की दृष्टि से भी सरकार डिजिटल पेमेंट को प्रमोट करने का ही काम कर रही है। इस पूरे अभियान को सरकार के द्वारा डिजिटल इंडिया का नाम दिया गया है। अब इस अभियान के विपरीत जाकर नकद में लेन देन को प्रोत्साहित करने का काम इंदौर के सुविधा पेट्रोल पंप के द्वारा किया जा रहा है। पेट्रोल पंप पर पंप संचालक के द्वारा बड़े-बड़े बोर्ड लगा दिए गए हैं। इस बोर्ड में पेट्रोल पंप संचालक के द्वारा लिखा गया है कि ऑनलाइन पेमेंट में बढ़ती धोखाधड़ी को ध्यान में रखते हुए इस पेट्रोल पंप से 1000 रु. या उससे ज्यादा राशि का पेट्रोल लेने पर ऑनलाइन पेमेंट स्वीकार नहीं किया जाएगा। इससे स्पष्ट है कि जिन गाड़ियों में ज्यादा पेट्रोल भरवारा जाता है उन गाड़ियों के चालकों या मालिकों को कैश में पेमेंट करना होगा। इंदौर में यहां पहला मौका है जब किसी पेट्रोल पंप के द्वारा इस तरह की सूचना सार्वजनिक रूप से घोषित कर लगाई गई है।



## जेस ने किया औद्योगिक भ्रमण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन इंजीनियर्स सोसायटी एवं यंग जेस इंदौर चैप्टर द्वारा धार रोड स्थित फर्नीचर निर्माता इकाई 'बॉनटोन टेक्नोमेक' में औद्योगिक भ्रमण किया। 150 से अधिक सदस्यों, युवाओं और महिलाओं ने सपरिवार सहभागिता कर फर्नीचर निर्माण से जुड़ी अत्याधुनिक इंजीनियरिंग, ऑटोमेशन और उत्पादन प्रक्रियाओं को करीब से समझा। धर्मेन्द्र अर्चना जैन, जितेन्द्र मोनिका जैन, राजकुमार जैन, संजय निकिता जैन, मोनिका जैन, अर्चना जैन, निकिता जैन, मोनीष जैन, मनीष जैन, राजेन्द्रसिंह जैन, विनोद बाफना मौजूद थे। गिरीश चौबे,यादवेंद्र शेल्के, नरेन्द्र शर्मा ने तकनीकी जानकारियां साझा की।

# आयुक्त के आदेश पर वरिष्ठ जिला पंजीयक ने रजिस्ट्री रोकने के आदेश दिए

## वित्त सचिव आदेश एवं कानून को ठेंगा दिखाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

किसी भी आदेश से रजिस्ट्री नहीं रोकी जा सकती जब-तक न्यायालय आदेश ना हो इस प्रकार का आदेश वित्त सचिव अमित राठौर ने दिया। इस तरह का आदेश सभी जिला कलेक्टरों जिला पंजीयको एवं उपपंजीयको को दिया गया। परंतु इस आदेश पर उपपंजीयक कार्यालय अमल नहीं कर रहा। इसी बीच इंदौर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के आदेश पर वरिष्ठ जिला पंजीयक डॉ अमरेश नायडू ने आदेश जारी किया है और ऐसी संपत्ति कर रसीदों पर भी रजिस्ट्री रोकी जा रही है जो 2026के पहले की है जबकि आयुक्त अगस्त से ऐसी रसीद संपतियों की जारी कर रहे हैं जो अवैध कालोनियों की है। नोटरी आधार पर संपत्ति कर खाते खोले गए हैं अर्थात आयुक्त आदेश अगस्त 2026से खोले गए नवीन संपतिकर रसीद खातिर है ना कि 2001एवं उसके बाद के संपतिकर खाते के लिए, बावजूद डॉ. अमरेश नायडू ने अधिकार क्षेत्र से परे जाकर अस्पष्ट आदेश जारी किया है और उपपंजीयको ने इस पर अमल भी शुरू कर दिया है। डॉ. अमरेश नायडू से वरिष्ठ जिला पंजीयक मंजूलता पटेल है और प्रशासनिक आदेश जारी करने का अधिकार उन्हें है। महानिरीक्षक पंजीयक कार्यालय को तथा वित्त सचिव अमित राठौर तक पूरा मामला पहुंचा है साथ ही सबूत सहित यह भी कि निरस्त पावर से हुई रजिस्ट्री के बाद शिकायत बाद आपत्ति बावजूद उपपंजीयक कार्यालय लिखकर दे रहा कि न्यायालय से स्थगन आदेश लाने पर रजिस्ट्री रोक सकते हैं तो सवाल आयुक्त इंदौर नगर निगम क्या न्यायालय है, वित सचिव से पद में बड़े हैं, क्या पंजीयक कार्यालय आयुक्त आदेश पर चलेगा या कानून से, क्या रजिस्ट्री करने ना करने का उपपंजीयक खेल करेंगे,,, मामला वित्त सचिव एवं महानिरीक्षक पंजीयक तथा विभागीय मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री तक पहुंचा है।

# महिला ने आवाज लगाई और ट्रेन रुक गई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**रेलवे स्टेशन पर जब ट्रेन ने सीटी बजा दी थी और आगे बढ़ने लगी थी उसी समय पर एक महिला ने आवाज लगाई और ट्रेन को रोकने का इशारा किया। इस महिला के इशारे पर ट्रेन रुक गई।**

इंदौर के मुख्य रेलवे स्टेशन पर रविवार को एक अजीब वाकया हो गया। इस वाकया के अनुसार एक वृद्ध महिला यात्री के लिए ट्रेन कुछ सेकंड के लिए रोक दी गई। महिला यात्री एक संतोष भरी मुस्कान के साथ कोच में सवार हो गई और फिर ट्रेन चल पड़ी।हुआ यूं कि सुबह महू से रतलाम तक चलने वाली डेमू ट्रेन सुबह दस बजे रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी।

जैसे ही ट्रेन के जाने का समय हुआ वैसे ही ट्रेन की सीटी बजी और ट्रेन जाने के लिए तैयार हुई। इस बीच लाल रंग की साड़ी पहने महिला जोर-जोर से 'ट्रेन रोको-ट्रेन रोको' चिल्लाने लगी। इंजन से रेलवे कर्मचारी की नजर महिला पर पड़ी। महिला ने फिर हाथ से ट्रेन रोकने का इशारा किया। इसके बाद कुछ देर के लिए ट्रेन रुक गई और महिला पीछे चल रही एक वृद्ध महिला का हाथ पकड़कर उसे कोच तक लाई और कोच में बैठा दिया। ट्रेन छूटने के डर से चिंतित महिला यात्री जब डिब्बे में सवार हुई तो उसने चैन की सांस ली और ट्रेन नहीं छूटने के संतोष का भाव भी उसके चेहरे पर नजर आया। स्टेशन पर मौजूद कई लोगों ने इस दृश्य को देखा और कहा कि यदि ट्रेन नहीं रोकी जाती तो महिला इस ट्रेन में सफर नहीं कर सकती थी क्योंकि वृद्धावस्था के कारण ट्रेन में उनका सवार होना मुश्किल था। वैसे ऐसा अमूमन नहीं हो पाता है कि आवाज लगाने से ट्रेन रुक जाएं। आवाज लगाकर हम बस या किसी अन्य यात्री परिवहन वाहन को तो रोक सकते हैं लेकिन ट्रेन को नहीं रोक सकते हैं। रविवार को जब रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार इंदौर में थे तब ट्रेन का इस तरह से रुकना भी एक नया संकेत दे गया।



## सेनानी विष्णु परांजपे के नाम चौक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नगर निगम ने परस्पर बैंक के सामने स्थित चौक का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय महादेव विष्णु परांजपे के सम्मान में 'परांजपे चौक' किया गया है। बडी संख्या में परिजन और निकट के लोग मौजूद रहे।

## बिजली व्यवस्था का निरीक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने इंदौर जिले के मानपुर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि गुणवत्ता से बिजली आपूर्ति के लिए सभी कर्मचारी, अधिकारी गंभीरता से कार्य करे, कृषि क्षेत्र के लिए दस घंटे एवं अन्य सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए चौबीस घंटे आपूर्ति की जाए। यदि कही कोई तकनीकी दिक्कत की अवस्था हो तो उसे समय पर सुधारा जाए। सिंह ने मानपुर के ग्रिड से संबंधित उपभोक्ताओं की संख्या, आपूर्ति अवधि, मेंटेनेंस इत्यादि से जुड़े कार्य की जानकारी ली। अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक संजय मालवीय मौजूद रहे।

# दूध के फैट पर किसानों की सहमति पर उठाया प्रश्न चिन्ह

## किसान संगठनों ने सांची प्रबंधन से मांगे नाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक डॉ. मीनेश शाह की अध्यक्षता में इंदौर में हुई बैठक के बाद प्रकाशित खबर में दावा किया गया है कि किसान प्रतिनिधियों ने 8.70 प्रति किलो फैट की दर पर संतोष जताया है। इस दावे को लेकर दुग्ध उत्पादक किसानों में भारी नाराजगी है। भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के अध्यक्ष बबलू जाधव ने दुग्ध संघ के सीईओ विशाल कुमार मिश्रा को ई-मेल एवं व्हाट्सएप के माध्यम से पात्र भेजकर पूछा है कि आखिर वे कौन-कौन से किसान संगठन और प्रतिनिधि थे, जिन्होंने 8.70 प्रति किलो फैट की दर पर सहमति ज़ताई। बबलू जाधव ने कहा कि एक तरफ पशु महंगे हो गए कपासिया खली पशु आहार, चारा, दवाइयों, बिजली और मजदूरी की लगातार बढ़ती लागत से किसान परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर किसानों की वास्तविक समस्याओं से दूर बैठकों में 8.70 की दर को संतोषजनक बताना किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। किसान संगठन ने सांची प्रबंधन से स्पष्ट रूप से मांग की है कि बैठक में शामिल सभी किसान संगठनों एवं प्रतिनिधियों के नाम सार्वजनिक किए जाएं। साथ ही यह भी बताया जाए कि उन्हें किस आधार पर किसानों का प्रतिनिधि माना गया और क्या उन्होंने लिखित रूप से 870 प्रति किलो फैट की दर पर संतोष व्यक्त किया था। बबलू जाधव ने चेतावनी दी कि यदि सांची प्रबंधन नाम सार्वजनिक करने और किसानों के सवालों का स्पष्ट जवाब देने में विफल रहता है, तो इसे किसानों की आवाज दबाने और वास्तविक स्थिति छिपाने का प्रयास माना जाएगा। किसानों की मांगों का समयबद्ध समाधान नहीं होने पर भारतीय किसान एवं मजदूर सेना आंदोलन को और तेज करेगी। उन्होंने कहा कि अब किसान केवल आश्वासन नहीं, बल्कि पारदर्शिता, उचित दूध मूल्य और बकाया बोनस का तत्काल भुगतान चाहते हैं।





# सर्वोदय स्कूल के विद्यार्थियों ने लिया वॉटर पार्क का लुत्फ

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों के लिए क्रिश्चियन्ट वॉटर पार्क यात्रा का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सभी स्लाइड, पूल, रेन डांस, समुद्री लहरें सहित अन्य जगह का आनन्द लिया। सामूहिक भोज भी किया गया। करीब 4 घंटे तक इन विद्यार्थियों ने पानी में अलग-अलग जगह का लुत्फ लिया।

# उमराह से लौटे सरकार के दीदार

देपालपुर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मदीना की हाजिरी और उमराह से लौटे सैय्यद मोइनुद्दीन सरकार एवं सैय्यद मियां सरकार के



दीदार के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सरकार का दीदार कर मुलाकात की। इन्दौर, बेटमा, देपालपुर से भी श्रद्धालु पहुंचे थे। सरकार से 13 अगस्त से ही श्रद्धालुओं की मुलाकात नही हुई थी, इस वजह से कल रविवार को चाहने वाले श्रद्धालु पहुंचे।

# कसेरा बाजार स्कूल के रजत पदक विजेताओं का सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। चिमनबाग मैदान पर अण्डर-19 सॉफ्टबॉल इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन दो दिनों तक किया गया था। इसमें कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल के 11 छात्र खिलाड़ियों अंश सेंगर, कृष्णा साहू, यशस्वी चौहान, देवांग तेलंग, मो. ज़ैद खान, काव्यांश, पीयूष, वैदिक, यथार्थ, हर्षल, सिद्धांत माली ने शिरकत कर रजत पदक जीता था। इन रजत पदक विजेता छात्र खिलाड़ियों का कसेरा बाजार स्कूल मंच से असेम्बली हॉल में सभी छात्र और अध्यापकों के बीच प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर, कोच हिमांशु यादव और अंकित जोशी की मौजूदगी में सम्मान किया गया।

# संस्था जीवन प्रवाह के प्रकाश सोनी का सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पर्यावरण के लिए निरंतर कार्य करने वाली संस्था जीवन प्रवाह का दादू महाराज संस्थान द्वारा गीता हाल, गोपाल मंदिर राजबाड़ा में सम्मान किया गया। दादू महाराज ने संस्था सचिव प्रकाश सोनी को शाल श्रीफल, प्रशस्तिपत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रकाश सोनी ने बताया कि विगत 17 वर्षो से महानगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरणीय जन चेतना संस्था जीवन प्रवाह द्वारा 11 लाख से अधिक तुलसी पौधों का ससंकल्प



एक तुलसी दो पेड़, हर हर तुलसी घर-घर तुलसी अभियान के माध्यम से 5000 से अधिक फलदार 50000 से अधिक अन्य प्रजातियों के पौधों का रोपण एवं गर्मियों में पंछियों को प्यास बुझाने हेतु हर वर्ष 3 से 5000 मिट्टी के सकोरे एवं दाना पैकेट का वितरण, अमानक प्लास्टिक का बहिष्कार, वर्षा जल संचयन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे जन एवं समाज उपयोगी अभियान निरंतर गतिमान होते हैं।



## महापूजा और प्रभु भक्ति

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री नरीमन नवकार जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक श्रीसंघ के बैनरतले 9 सितम्बर को नरीमन सिटी में श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ प्रभु की आराधना और महापूजा, अंगरचना, पुष्प और दीपों से दीप सज्जा के आयोजन के साथ आरती भी होगी। मातृशक्तियां भी आयोजन से जुडी है। मनीष शाह ने बताया कि पर्युषण महापर्व में सभी को प्रभु भक्ति, आत्मचिंतन और आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ना भी है। इस आयोजन में प्रभु भक्ति में परिवार सहित जैन समाजजन पहुंचेंगे।



# सिक्कों एवं डाक टिकिटों का प्रदर्शन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर फिलेटेलिक एवं इंदौर न्यू मिसमेटिक सोसायटी की संयुक्त मासिक सभा रीगल तिराहा काफी हाउस पर हुई। हिन्दू दंत कथाओं से लेकर हिंदी साहित्य और फिलेटेली से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने हिन्दू दंत कथाओं पर आधारित सिक्कों एवं डाक टिकिटों का प्रदर्शन किया और न्यू मिसमेटिक से जुड़े विषयों पर दिलचस्प जानकारियां भी साझा की। उषा पंत, इंदूबाला शर्मा अतिथि थे। बहादुरसिंह चौहान, सुरेन्द्र मेहता, द्वारकाप्रसाद अग्रवाल का सम्मान किया गया। घनश्याम जांगिड, डॉ. मुकेश पाटीदार, राजेश शाह, प्रो. शिवम चतुर्वेदी, गिरीश शर्मा, नरेन्द्र अग्रवाल, हर्षवर्धन लाड, सुरेन्द्र मूल्ये, सुरेश भागचंदानी, रवींद्र नारायण पहलवान सहित अन्य मौजूद थे।

# श्वान को कृष्ण बनाने का विरोध

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। महादेवी विद्या धाम सेवा समिति से जुड़े श्रद्धालुओं ने इंस्टाग्राम पर श्वान को कृष्ण का रूप देने पर रीगल तिराहा पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। आजाद नगर थाना पर ज्ञापन दिया गया। राजेश शास्त्री, रजत पंडित, कृष्णकांत दुबे, गौतम शर्मा, दयाल सोनकर, अभिषेक अग्रवाल, दीपक बौरासी, दीपक अंजले, अक्षय गेहलोत, रोशन सहित अन्य मौजूद थे।



# गांधी नगर व्यापारी संघ ने की बैठक

## 200 रु. सदस्यता शुल्क के साथ दी जाएगी एसोसिएशन की सदस्यता पट्टी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गांधी नगर व्यापारी संघ की बैठक 100 व्यापारी सदस्यों के साथ परशुराम मंदिर में आयोजित हुई। नए सदस्य जो बन रहे हैं उनसे 200 रु. सदस्यता शुल्क लेकर उन्हें व्यापारी की पहचान पट्टी भी दी जाएगी। इस दौरान अन्नु मिश्रा, कमल शर्मा, कैलाश नामदेव, रितेश बघेरवाल, विवेक बांझल, गोलू कुशवाह, सुभाष सुनेर, कुलदीप पचौरी, चिन्टू शर्मा, लोकेश निखाड़े मौजूद थे।

# लव-कुश जयंती पर शोभायात्रा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। लव-कुश जयंती पर कुशवाह सोशल ग्रुप ने समाजजनों के साथ शोभायात्रा चल समारोह का आयोजन किया। भगवान के जयकारे भी लगें। बड़ी संख्या में



महिला, बुजुर्ग, युवा शामिल हुए। दिनेशसिंह कुशवाह, संतोष कुशवाह, मुकेश कुशवाह, राजा कुशवाह, राजकुमार कुशवाह, अमन कुशवाह, गोलू कुशवाह, शुभम कुशवाह, महेश कुशवाह, राधा कुशवाह, रंजना कुशवाह, किरण बिल्लोरे, सुषमा कुशवाह, आकाश कुशवाह, देवेन्द्र दुबगे, राजेश परंजिया, त्रिलोक कुशवाह, रामेश्वर कुशवाह, राकेश कुशवाह पहलवान, अमरसिंह कुशवाह, अजय कुशवाह, हीरालाल कुशवाह, यशपाल कुशवाह, प्रमोद कुशवाह मौजूद थे।

# स्काउट गाइड ने किया आयोजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भारत स्काउट और गाइड जिला संघ द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भूपेन्द्र अड़सूरे, जसराज मेहता, रविन्द्र सोमवंशी, सुभाष मापरे, राजेश जोशी, ललित व्यास, अनिल बागोरा, हेमलता पाटीदार, भंवरलाल बोहरे, डॉ. राजेश पाटीदार, अनिता सोलंकी, वैजयंती गहलोत, राजेंद्र लश्करी, धीरज खनूजा, वंदना तेलंग, राजेश नरगेर, राकेश पंडित, उत्कर्ष चौधरी, दिलीप मेहता मौजूद थे।

# हरिद्रा महोत्सव एवं श्री मिलन के लिए इंदौरी हरिद्वार रवाना



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री परिवार के वार्षिक हरिद्रा महोत्सव एवं श्री मिलन का आयोजन हरिद्वार तीर्थ में कल 8 से तीन दिवसीय आयोजन होगा जो 10 सितम्बर तक चलेगा। इस आयोजन के लिए इन्दौर से बडी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार के लिए निकले है। ओमप्रकाश सोमानी, ईश्वर भारद्वाज ने बताया कि उषा नगर एक्सटेंशन स्थित श्रीधाम के बाबा साहब बनवारी के सानिध्य में आयोजित आयोजन का शुभारम्भ कल राधाकृष्ण महोत्सव के रूप में होगा। 9 सिमत्बर को लक्ष्मीनारायण महोत्सव, 10 सितम्बर को श्री हरिद्रा महोत्सव, श्री मिलन एवं महा ज्वाला आरती होगी, प्रतिदिन गंगाजी के तट पर शिवाभिषेक एवं पितृतर्पण, पालकी उत्सव, 56 भोग एवं 11,111 /- से भोग एवं हवंन होगा। महोत्सव को लेकर लंबे समय से तैयारियां की जा रही थीं और इस बार भी बड़ी संख्या में सदस्य इसमें शामिल हो रहे हैं। श्रद्धालु इन्दौर से निकलकर आज और कल भी हरिद्वार पहुंचेंगे। वहीं अन्य शहरों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे है।



## हंसदास मठ के पवनदास महाराज के काका का निधन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बिजासन रोड स्थित हंसदास मठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामचरणदास महाराज के अनुज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के काकाश्री, सेवानिवृत्त एएसआई धनवंतरि प्रसाद शर्मा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार कल किया गया। उठावना शोक बैठक आज हंसदास मठ पर शाम 4.30 बजे से रखी गई है।



## 'निमाड़ी कविताई' आयोजित

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा हिन्दी महोत्सव के अंतर्गत 'निमाड़ी कविताई' आयोजित की गई, जिसमें निमाड़ के रचनाकारों ने निमाड़ी में रचना पाठ किया। मणिमाला शर्मा, डॉ. अर्पण जैन, बालकृष्ण भट्ट, प्रदीप नवीन, शिशिर उपाध्याय, जयश्री उपाध्याय, अशोक गर्ग, डॉ. विजय चौरे, अनुराधा शर्मा, हेमेन्द्र स्वामी, डॉ. शालिनी बड़ोले, स्वातिसिंह साहिबा, विभा भटोरे, ममता शर्मा, अर्चना चौरे, पारस बिरला, डॉ. अखिलेश राव, ऋचा तिवारी, प्रशांत राव चोरसे, दिनेश तिवारी ने रचना पाठ किया।



## सेवा भारती ने करवाया पौधारोपण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गांधीनगर के समीप सिद्धार्थ नगर में सेवा भारती छात्रावास पर शिक्षकों का सम्मान किया गया। पौधारोपण का आयोजन भी हुआ। अनिल परिहार, रत्नेश दुबे, राजेश कुमार सिंह, नंदकिशोर गर्ग, सुनील पोरवाल, अशोक कुमार राठी, कैलाश नामदेव, रंजीत परमार सहित अन्य मौजूद थे।

# कला प्रदर्शनी में महिलाएं हुई शामिल

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। महिला कलाकारों को साझा मंच देने के उद्देश्य से 'एम्पावर हर हार्ट 2.0' का आयोजन किया गया। कलाकक्ष सभागार में इंडियन वुमन नेटवर्क (सीआईआई) द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी में कुल 19 महिला कलाकारों ने शिरकत की और अपनी रचनाओं को प्रदर्शित किया। प्राची कासलीवाल दशोरे, डॉ. भारत शर्मा, विदिता सिंह ने बताया कि डॉ. रुचि पंकज अग्रवाल, मधु माथुर, संगीता गोयल, अनुश्री दुबे, इला वागले, हिमांशी डागरिया, लीना सचदेव, श्वेता मलिक, सपना पांडे, पूजा बेताल, शैफाली दुआ, नेहा अग्रवाल, सुरुचि जैन, सारा सिंह, नित्या बंसल, वर्षा कुकरेजा, नीना कुमरावत, तृप्ति बड़जातिया की कलाकृति शामिल की गई। लक्ष्मी वर्मा, राजेश भार्गव, रेणु भार्गव, वीरेंद्र पुराणिक, बालेश मुदलियार, कलीम शेख मौजूद थे।



# गोस्वामी समाज करेगा भावी पीढ़ी का सम्मान



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अखिल भारतीय दसनाम गोस्वामी समाज युवा शाखा द्वारा समाज के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान का आयोजन भावी पीढ़ी के रूप में एवं वरिष्ठ समाजसेवियों का आदिगुरु शंकराचार्य अलंकरण सम्मान समारोह 13 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। भारत भाग्य विधाता का सम्मान आदिगुरु शंकराचार्य अलंकरण आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। कमल पुरी, सचिन गोस्वामी, राजेश गोस्वामी, योगेंद्र पुरी, दशरथ गिरी का मार्गदर्शन मिला। संत और राजनेताओं के अलावा वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक में विनोद वन, भैरूपुरी, सतीश गिरि, राज भारती, राजेश भारती, पवन भारती, अभिषेक भारती, नागेश पुरी, सोमेश गिरी, जितेंद्र पुरी, कुणाल पुरी, चीकू पुरी, रोशन भारती, रोहित पुरी, दीपक वन, अनिल गिरी, आदेश गिरी, राहुल पुरी, राजू गिरि, मनीष गोस्वामी मौजूद थे।



## रीवा ट्रेन को नियमित कराने के लिए ज्ञापन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं सीईओ सतीश कुमार एवं रेलवे महाप्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय को कल इन्दौर में विंध्याचल सोशल ग्रुप के आरएन मिश्रा सहित अन्य ने ज्ञापन देकर रीवा ट्रेन को नियमित करवाने की मांग की। साथ ही ट्रेन रीवा से रात 11.30 बजे चलती है और दोपहर 3 बजे बाद इन्दौर पहुंचती है। ट्रेन का समय भी बदला जाएं।

## जैन महिलाओं का सम्मेलन और सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आचार्य 108 सुनीलसागर म.सा. और ससंघ के सानिध्य में दिगम्बर जैन सामाजिक संसद एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा नेमीनगर स्थित घूंघट गार्डन में महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।





## संस्था समृद्ध ने विवेक सिंह का किया सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मप्र स्टेट बार एसोसिएशन के चुनाव में प्रदेशभर में सर्वाधिक मत प्राप्त कर निर्वाचित हुए एडवोकेट विवेक सिंह का संस्था समृद्ध द्वारा सम्मान किया गया। अध्यक्ष लोकेश 'लक्की' अवस्थी ने विवेक सिंह को श्रीमद्भगवद्गीता, भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। अर्जुन क्षत्रिय, बंटी ठाकुर समृद्ध अवस्थी सौरभ राठौर सहित अन्य उपस्थित थे।

## जैन परिचय सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री भारतवर्षीय खंडेलवाल दिगंबर जैन महासभा द्वारा 10 जनवरी को नरसिंह वाटिका बिजासन रोड पर युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन होगा। कल दलाल बाग में मुनि पुंगव 108 श्री सुधा सागर म.सा. के सान्निध्य में पोस्टर का विमोचन किया गया। महाराजश्री ने भी आशीर्वाद प्रदान किया। शेखर छाबडा, सनत गंगवाल, संदीप जैन, नवीन गोधा, होलासराय सोनी, कमलेश कासलीवाल, चंद्रप्रकाश गंगवाल, प्रेमचंद काला, मनीष पाटनी, देवेंद्र सोगानी, संगीता बाकलीवाल, सुनीता सेठी, मयूरी बड़जात्या,मैना पहाड़िया, प्रमोद पापड़ीवाल, हंसल पहाड़िया, पवन बड़जात्या उपस्थित रहे।

## गणेश उत्सव को लेकर मंगलमूर्ति रहवासी संघ की बैठक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मंगलमूर्ति रहवासी संघ ने गार्डन में रहवासियों की बैठक बुलाकर आगामी गणेश उत्सव की तैयारी पर चर्चा की। गणेशजी के आगमन से लेकर और 10 दिनों तक पूजन, प्रसाद, आरती पर भी चर्चा हुई। श्रवण वर्मा, आशीष पानीदार, पूजा खण्डेलवाल, जयदीप मांजरेकर, हरीश कपूर, डॉ. मनोज मिश्रा, दिनेश परदेसी, बापूलाल पाटिल, संजय सक्सेना, मनीष सोनी मौजूद थे।





## बरसों पुराने क्षतिग्रस्त बगीचे की जगह अब बनेगा नया गार्डन

इन्दौर (सिटी ब्लास्र्ट न.प्र.)। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 40 के अंतर्गत आने वाली गोयल विहार कॉलोनी में क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर सालों पुराने क्षतिग्रस्त बगीचे की बजाय अब नवीन गार्डन के निर्माण की सौगात मिलने वाली है। जिसके अंतर्गत विधायक महेंद्र हार्डिया और क्षेत्रीय पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार के अथक प्रयासों से क्षेत्र की जनता के लिए 40 लाख रुपए के आसपास खर्च कर गोयल विहार कॉलोनी में एक नवीन बगीचे का निर्माण किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के रहवासियों के लिए ग्रीन स्ट्रीट सिंगल पाथवे के साथ अन्य सौंदर्य करण और विकास कार्य होंगे जिसमें सब कुछ नया होगा।

**बच्चों से लेकर बड़ों को मनोरंजन की मिलेंगी सुविधा-** जॉन अध्यक्ष एवं वार्ड 40 के पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार ने बताया पहले चरण में करीब 40 लाख रुपए की लागत से गोयल विहार कॉलोनी के सालों पुराने बगीचे को नया करने के लिए यहां आकर्षक नया पाथवे बनाया जाएगा। आसपास के निवासियों के लिए बगीचे में आकर्षक दिखने वाली मजबूत रंगीन बेंचें लगाकर बैठक की व्यवस्था की जाएगी। हरियाली के लिए आने वाले दिनों में एक से बढ़कर एक पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। नए बगीचे में सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण कर रोशनी के लिए दो दर्जन से ज्यादा नए डेकोरेटिव इलेक्ट्रिक पोल लगाकर संपूर्ण बगीचे में रोशनी की जाएगी। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले-चकरी और फिसल पट्टी के साथ खेल के अन्य उपकरण होंगे। युवा और महिलाओं के लिए सेहत बनाने के लिए विधायक हार्डिया की निधि से जिम के आधुनिक उपकरण लगवाए जाएंगे। निगम सहयोग से बगीचे में घूमने आने वाले सीनियर सिटीजन के लिए बगीचे में आराम से बैठने के लिए छत वाले आकर्षक झूले लगवाए जाएंगे। क्षेत्र के सीनियर सिटीजन बारिश के मौसम में भी बगीचे में आराम से बैठ सकेंगे।

# पूर्वी रिंग रोड पर 5 साल पहले बने पिपलियाहाना ब्रिज पर सालभर से अंधेरा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पूर्वी रिंग रोड पर पिपलियाहाना चौराहे पर 5 साल से ज्यादा पुराने करोड़ों रुपए की लागत से बने फ्लाईओवर पर अब लंबे समय से जिम्मेदारों की अनदेखी और लापरवाही का अंधेरा छाया है। हालत यह है कि जहां एक तरफ पिपलियाहाना ब्रिज पर 60 से ज्यादा बिजली के पोल पर लगी सवा सौ एलईडी लाइटिंग में से वर्तमान में गिनती की महज चार लाइट जल रही है। बाकी पूरा ब्रिज करीब सालभर से अंधेरे में डूबा हुआ है। फिर भी जिम्मेदार है कि ध्यान नहीं दे रहे। यही नहीं दूसरी ओर बंगाली चौराहे पर लापरवाही की हद यह है कि यहां ब्रिज से खजराना की ओर जाने वाली एक साइड की भुजा से आधी से ज्यादा एलइडी लाइट ही गायब हो चुकी है। यहां ब्रिज पर सेंट्रल लाइटिंग के लिए लगाए बिजली के पोल लंबे समय से खाली पड़े है। जिसके कारण ब्रिज पर अफसरों की लापरवाही और अनदेखी के कारण महीनों से आधे से ज्यादा ब्रिज पर अंधेरा छाया हुआ है। जबकि क्षेत्र के



रहवासीयों और व्यापारियों ने कई बार निगम के जिम्मेदारों से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी इसको लेकर शिकायत कर दी है। लेकिन हालत यह है कि कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।

### अब क्षेत्र के रहवासी विधायक -महापौर से करेंगे शिकायत

वही अब क्षेत्र के रहवासी और व्यापारीयों का कहना है कि कि वह अब इस मामले में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया और महापौर पुष्पमित्र भार्गव से भी मिलकर शिकायत करेंगे। दरअसल यहां करीब सालभर से भी ज्यादा समय से पूर्वी रिंग रोड के पिपलियाहाना ब्रिज पर पूरी लाइटिंग बंद होने से हमेशा अंधेरा छाया रहता है। जिसके कारण रात में सुनसान ब्रिज पर किसी भी दिन कोई दुर्घटना या अनहोनी होने की आशंका और डर लोगों में बना रहता है। साथ ही क्षेत्र के रहवासियों को रात में ब्रिज पर लूटपाट या किसी भी अप्रिय घटना होने का भी अंदेशा बना रहता है।

### एक साइड की आधी से ज्यादा लाइटिंग नहीं होने से भी फैला अंधेरा

इधर बंगाली ब्रिज से बड़ी संख्या में लाइटिंग गायब होने को लेकर भी लोगों में नाराजगी है। वहीं लोग सवाल भी उठा रहे है कि आखिर एक साथ 20 से 25 लाइटिंग कौन निकाल कर ले गया और अगर लेकर गया तो फिर दोबारा वापस लगाई क्यों नहीं। लोगों को इस बात की भी आशंका है कि कहीं एक साथ इतनी लाइटिंग चोरी तो नहीं हो गई।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से धराशायी हुई नवलखा पुल की कमजोर सुरक्षा बाउंड्रीवाल



इन्दौर (सिटी ब्लास्र्ट न.प्र.)। नवलखा क्षेत्र में इंदिरा प्रतिमा के पास देर रात किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से लोहे के पाइप और डिवाइडर से बनी सुरक्षा बाउंड्रीवॉल बड़े हिस्से में गिरकर पूरी तरह से धराशायी हो गई। जबकि बताते है कि लोहे के पाइप और आसपास एक फीट के डिवाइडर और लोहे की जालियों की सुरक्षा घेरे से बनी मजबूत सुरक्षा दीवार के यूं टक्कर से धराशायी हो जाने से सवाल भी उठ रहे है। यही नहीं लोगों ने शुक्र मनाया कि कोई बड़ी दुर्घटना या हादसा नहीं हुआ।

**लोग लगातार कर रहे थे निगम की एप पर शिकायत-** लोगों का कहना था कि निगम के जिम्मेदार अफसरों की अनदेखी का शिकार होकर कमजोर सुरक्षा बाउंड्री वॉल टूटकर गिरना या दुर्घटना का शिकार होना ये कोई नई बात नहीं है। दरअसल करीब 3 साल पहले भी इसी क्षेत्र में नवलखा पुलिया बंगाली स्कूल के पास चिड़ियाघर के सामने प्राचीन बालाजी मंदिर पुलिया के आसपास लगी सुरक्षा बाउंड्री वॉल भी अचानक रातों -रात बारिश के मौसम में गिर गई थी। लेकिन बावजूद इसके निगम के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस घटनाक्रम से सबक नहीं लिया। वहीं जहां सुरक्षा बाउंड्री वॉल टूटी उसकी जगह लोहे की जाली लगाकर हैंगिंग गार्डन बना दिया। लेकिन दोबारा सुरक्षा बाउंड्री वॉल नहीं बनाई गई।

**इस बार इंदिरा प्रतिमा के पास वाली टूटी बाउंड्रीवाल-** वहीं इस बार इंदिरा प्रतिमा के पास चिड़ियाघर के सामने वाले हिस्से में दरगाह वाली लाइन में पुल के पास में बनी सुरक्षा बाउंड्री वॉल के अचानक गिरकर धराशायी होने के बाद लोगों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे। दरअसल बालाजी मंदिर वाली सालों पुरानी पुलिया की सुरक्षा व्यवस्था और बाउंड्री वॉल के कमजोर होने को लेकर पहले भी सवाल उठ चुके हैं। लेकिन जिम्मेदारों ने इस बरसों पुरानी कमजोर पुलिया से ट्रैफिक का लोड तो कम कर दिया है लेकिन आवश्यक सुधार कार्य अभी तक नहीं करवाया। जिसको लेकर भी क्षेत्र के रहवासी कई बार शिकायत कर चुके हैं और इसके सुधार की मांग भी कर रहें है लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# गणेश चतुर्थी महोत्सव की उलटी गिनती शुरू

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। 10 दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव के लिए अब तैयारियों की उलटी गिनती शुरू हो गई है। शहर में अलग-अलग स्थानों पर कहीं बड़े रूप में तो कहीं गली मोहल्ले में छोटे रूप में गणेश प्रतिमाएं धूमधाम से लाकर स्थापना करने की तैयारी अब तेजी के साथ शुरू हो गई है। एक तरफ बड़े पंडालों के लिए मंच और सजावट के साथ स्वागत द्वार लगाने का काम शुरू हो गया है। यही नहीं नंदानगर, बजरंगनगर, सिंधी कॉलोनी, मूसाखेड़ी, मालवा मिल क्षेत्र में कई जगह अभी से मंच लगाने स्वागत द्वार और सजावट करने का काम शुरू भी हो गया है। यही नहीं कई जगह मंच और स्वागत द्वार बनकर तैयार भी होने लगे है।

इसके अलावा बड़ी गणेश प्रतिमाओं के साथ छोटी मूर्तियां और प्रतिमाओं पर भी हाथ से सजाकर इन पर डेकोरेट करने का काम भी इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। शहर के अलग-अलग मूर्ति बनाने और बेचने के प्रमुख स्थानों पर मूर्तियों पर सजावट और डेकोरेशन का कार्य अंतिम दौर में चल रहा है। इसके अलावा बंगाली चौराहे के साथ खजराना क्षेत्र में बड़ी प्रतिमाओं को तैयार कर उन पर रंग भरकर मूर्ति और प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का काम भी कलाकार तेजी के साथ कर रहे हैं। छोटी आकर्षक गणेश प्रतिमाएं जिनमें मुख्य रूप से होलकर कालीन पगड़ी और साफे वाली आकर्षक छोटी 2 से 3 फीट की प्रतिमाएं बनकर तैयार भी हो गई है। बताते हैं कि छोटी प्रतिमाएं ज्यादातर बाहर से खासकर महाराष्ट्र के पुणे मुंबई से बनकर तैयार होकर आ रही है। यहां के स्थानीय कलाकार इन प्रतिमाओं में सजावट कर अंतिम रूप देने का कार्य कर रहे हैं।

# मेट्रो के काम ने अब खजराना चौराहे से आगे बंगाली की ओर भी पकड़ी रफ्तार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शहर में गांधीनगर डिपो से मालवीय नगर तक के हिस्से में वर्तमान में मेट्रो का संचालन हो रहा है। दूसरी ओर वर्तमान में मेट्रो का खजराना चौराहे से आगे बंगाली चौराहे तक के रूट के लिए खजराना से आगे की ओर निर्माण कार्य इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है।

बंगाली से पलासिया और एमजी रोड तक का रूट अंडर ग्राउंड- दिन - रात चल रहे काम के कारण खजराना चौराहे से आगे आधा दर्जन से ज्यादा नए पिलर बनकर तैयार होने लगे हैं। जबकि रोबोट चौराहे से खजराना चौराहे तक के बीच के बड़े हिस्से में मेट्रो का बड़ा रूट बनकर तैयार भी हो गया है। यही नहीं इसके बीच आने वाले स्टेशन भी लगभग बनकर तैयार हो चुके हैं। इसके अलावा बंगाली से आगे कनाड़िया से पलासिया होते हुए एमजी रोड़ वाया खजूरी बाजार से बड़ा गणपति तक के बड़े हिस्से में अंडर ग्राउंड रूट तैयार किया जाएगा। जिसके लिए बड़ी आधुनिक मशीनों से राजवाड़ा क्षेत्र में नगर निगम मार्केट और बड़ा गणपति खजूरी बाजार के आसपास इन दिनों अंडरग्राउंड मेट्रो रूट के लिए काम चल रहा है। जबकि रिंग रोड पर खजराना चौराहे से बंगाली की ओर का काम भी अब पहले से कई गुना तेजी से चल रहा है।

# संभागायुक्त ने ली समीक्षा बैठक

धार (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार ने इंदौर संभाग के धार जिला कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की परिचयात्मक समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागवार योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आमजन को समय-सीमा में सेवाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में धार कलेक्टर राजीव रंजन मीना, पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा, वनमण्डलाधिकारी विजयानंथम टी.आर. सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। संभागायुक्त लाक्षाकार ने बैठक में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान की समीक्षा करते हुए अभियान के अंतर्गत किए गए निराकरण का संबंधित अधिकारियों के माध्यम से फॉलोअप लिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में निराकृत करने को कहा।

## संपादकीय

# केदारनाथ से नेपाल तक सबक: हिमनद झीलों की समय पर निगरानी क्यों जरूरी?

नेपाल और सिक्किम की घटनाओं से स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन से पिघलते ग्लेशियर और बढ़ती हिमनद झीलें तबाही का 'वॉटर बम' बन रही हैं। नेपाल में पिछले दिनों आई भयंकर बाढ़ की त्रासदी ने उस चेतावनी को और भी गंभीर एवं संवेदनशील बना दिया है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जूझ रहे हिमालय में ऐसे खतरे पल रहे हैं, जो कभी भी विनाशकारी रूप ले सकते हैं। इस जोखिम की जद में कई देश हैं, जिनमें भारत भी शामिल है। हिमालय मनुष्य के लिए प्राकृतिक संपदा का महत्त्वपूर्ण आधार है। यहां से निकलने वाली नदियां पठारी और मैदानी इलाकों को सींचती हैं तथा पेयजल एवं ऊर्जा जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करती हैं। मगर बढ़ते वैश्विक ताप की वजह से हिमालयी हिमनद अब तेजी से पिघल रहे हैं, जिस कारण उनके आसपास बनने वाली झीलों का आकार और संख्या भी बढ़ रही है। पूर्वी हिमालयी क्षेत्र में स्थित सिक्किम में हाल में ऐसी चालीस झीलों की पहचान की गई है, जिनमें से सोलह को सर्वाधिक जोखिम वाली श्रेणी में रखा गया है। इसी तरह हिमाचल प्रदेश के मंडी में स्थित आइआइटी के शोधकर्ताओं ने राज्य में नौ हिमनद झीलों को चिह्नित किया है, जिनका आकार तेजी से बढ़ रहा है। ये झीलें देखने में शांत और सुंदर लगती हैं, लेकिन इनमें जमा हो रहा पानी कभी भी तटबंध तोड़कर भारी तबाही मचा सकता है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि हिमालय से सटे भारत के पहाड़ी राज्य इस तरह की संभावित आपदा से निपटने के लिए कितने तैयार हैं? उपग्रह से मिलने वाली तस्वीरों और हवाई सर्वेक्षण के जरिए हिमनद झीलों की स्थिति की निगरानी की जा सकती है, लेकिन क्या यह कार्य नियमित रूप से हो पा रहा है? इसका अंदाजा वर्ष 2013 में उत्तराखंड के केदारनाथ में आई प्रलयंकारी बाढ़ की विभीषिका से लगाया जा सकता है। यह बाढ़ चोटी पर स्थित एक झील के फटने से आई थी। सरकारी तंत्र इस खतरे का समय रहते पता लगाने और इससे होने वाले नुकसान को कम करने में नाकाम रहा। जाहिर है कि इस तरह के खतरों की नियमित निगरानी के साथ पूर्व चेतावनी प्रणालियों को भी स्टीक एवं मजबूत बनाने की जरूरत है। मौजूदा पूर्व-चेतावनी प्रणालियों को कुछ खास खतरों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिनमें नेपाल में हिमनद और चट्टानों के खिसकने से आई बाढ़ के जैसे प्राकृतिक पहलू शामिल नहीं हैं। ऐसी स्थिति में शोधकर्ताओं की स्पष्ट चेतावनी है कि अगर हिमालयी राज्यों में चिह्नित हिमनद झीलों को रोकने वाली प्राकृतिक बाधाएं टूटती हैं, तो ये 'पानी बम' की तरह तबाही मचा सकती हैं। चूंकि, हिमालय में पल रहा यह खतरा किसी एक देश की सीमा में नहीं बंधा है, इसलिए क्षेत्रीय पूर्व-चेतावनी प्रणाली को राष्ट्रीय और सीमा-पार निगरानी से जोड़ने की नितांत आवश्यकता है, ताकि इसकी जानकारी समय रहते उन लोगों तक पहुंचाई जा सके, जो सबसे ज्यादा जोखिम में हैं। इसके लिए आधुनिक तकनीक के साथ-साथ संस्थागत बदलावों और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति की भी जरूरत है। आपदा चेतावनी तंत्र को सीमाओं के बंधन से परे एक साझा मानवीय व्यवस्था के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इसके अलावा, हिमनद झीलों से बढ़ता खतरा हमें प्रकृति के साथ संतुलित विकास का संदेश भी देता है। हिमालय को केवल सड़क, बांध और पर्यटन के अवसर के रूप में देखने के बजाय एक संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र के तौर पर समझना होगा। समय रहते सावधानी बरती जाए, तो हिमनद झीलों को निश्चित रूप से बड़े विनाश का कारण बनने से रोका जा सकता है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 148700 | 152300 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 233900 | 236900 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# मंदिर के दीपक फेंकने से रोकने पर पिता-पुत्री को पीटा

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के सुभाष नगर चौराहा स्थित शिव मंदिर पर धार्मिक मर्यादा का उल्लंघन करने से रोकने पर मारपीट की घटना सामने आई है। मंदिर में जलाए गए दीपक फेंक रहे आरोपी को जब एक व्यक्ति ने मना किया, तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। इस दौरान जब पीड़ित की बेटी बीच-बचाव करने पहुंची, तो आरोपी ने उसे भी जोर से धक्का दे दिया, जिससे वह फर्श पर गिर पड़ी और उसके सिर में गंभीर चोट आ गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी मनीष उर्फ मनोज पिता रामप्रसाद पाल निवासी आदर्श बिजासन नगर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह सुभाष नगर चौराहे के पास स्थित शिव मंदिर में मौजूद था। इसी दौरान क्षेत्र में ही रहने वाला आरोपी शुभम पिता प्रकाश चौकसे मंदिर में रखे जलते हुए दीपक उठाकर बाहर फेंकने लगा। जब मनीष ने आरोपी शुभम को दीपक फेंकने से रोका और ऐसा न करने की समझाइश दी, तो आरोपी भड़क गया और गालियां देने लगा। फरियादी ने जब गाली-गलौज का विरोध किया, तो शुभम ने उसके साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। वहीं पास में खड़ी फरियादी की बेटी सेजल जब अपने पिता को बचवाने और विवाद शांत कराने बीच में आई, तो आरोपी ने उसके साथ भी झूमाझपटी करते हुए उसे जोर से धक्का मार दिया। धक्के के कारण सेजल अनियंत्रित होकर पक्के फर्श पर नीचे गिर गई, जिससे उसके सिर में गहरी चोट लग गई और खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित पिता अपनी घायल बेटी को लेकर परदेशीपुरा थाने पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी पुलिस को दी।

# रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद, बीच-बचाव करने आए युवक को चाकू मारा

**इंदौर।** हीरा नगर थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 136 कबीटखेड़ी इलाके में पुराने पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने फोन करके अपने अन्य साथियों को बुला लिया और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान विवाद सुलझाने और बीच-बचाव करने पहुंचे फरियादी के दोस्त पर आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी मोहित पिता मेहरबान सिंह तंवर निवासी स्कीम नंबर 136 कबीटखेड़ी, इंदौर ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि आरोपी अभिषेक नायर और वंश नरवरिया पुराने पैसों के लेनदेन की बात को लेकर उसके पास आए थे और बातचीत करने लगे। बातचीत के दौरान ही आरोपी वंश नरवरिया ने अपने मोबाइल से फोन करके अपने अन्य साथियों विवेक, गर्व और एक अन्य वंश नाम के लड़के को मौके पर बुला लिया। सभी आरोपी इकट्ठा होकर पैसों के लेनदेन की बात को लेकर फरियादी मोहित और उसके साथी चित्रांश को गालियां देने लगे। जब पीड़ितों ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। आरोपी वंश नरवरिया ने मोहित का कॉलर पकड़कर उसे पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान जब मोहित का साथी चित्रांश अपने दोस्त को बचाने और बीच-बचाव करने आगे आया, तभी आरोपी अभिषेक ने चित्रांश को दबोच लिया और उसके साथी वंश नाम के लड़के ने अपने पास रखा चाकू निकालकर चित्रांश पर हमला कर दिया। चाकू के वार से चित्रांश गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई। वारदात के बाद सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले।

# बुजुर्ग के बैंक खाते से उड़ाए 50 हजार रुपये

**इंदौर।** रावजी बाजार थाना क्षेत्र में साइबर ठगों द्वारा एक बुजुर्ग को आर्थिक क्षति पहुंचाते हुए खाते से लगभग 50 हजार रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम दिया। पीड़ित को घटना का पता तब चला जब उन्होंने बैंक पासबुक अपडेट कराई एवं खाता चेक किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस अनुसार, ठगी की यह वारदात पागनीसपागा इलाके के रहने वाले 69 वर्षीय विजय कुमार पिता कन्हैयालाल के साथ हुई। पीड़ित बुजुर्ग ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि किसी अज्ञात साइबर ठग ने उनके बैंक खाते में सेंधमारी कर अवैध रूप से ऑनलाइन राशि ट्रांसफर कर ली। जब पीड़ित ने आगामी 1 सितंबर को अपने बैंक खाते का स्टेटमेंट चैक किया, तो इस अवैध निकासी का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि ठगों ने एक बार में पूरी रकम निकालने के बजाय छोटे-छोटे ट्रांजेक्शन किए। खाते से 5-5 हजार रुपये के कुल 9 ट्रांजेक्शन और एक बार में 4,901 रुपये निकाले गए। इस तरह से कुल 49,901 रुपये की चपत बुजुर्ग को लगाई गई। रावजी बाजार थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और साइबर सेल की मदद से ट्रांजेक्शन खंगालते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# शराब तस्करी, एक धराया, पौने 9 लाख की शराब जब्त

**इंदौर।** सांवेर पुलिस ने उज्जैन-इंदौर रोड से घेराबंदी कर एक लोडिंग वाहन से करीब 8 लाख 83 हजार रुपये मूल्य की अवैध अंग्रेजी शराब का जखीरा जब्त किया है। मौके से एक तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि वाहन मालिक और शराब दुकान के अज्ञात सेल्समैन के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया गया है।

एसडीओपी देवेंद्र धुर्वे के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि उज्जैन की तरफ से एक लोडिंग वाहन में अवैध शराब की बड़ी खेप इंदौर की ओर लाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने भुट्टा चौराहा सर्विस रोड पर घेराबंदी कर संदिग्ध लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 16 एल 1453 को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें विभिन्न ब्रांड्स की 67 पेटियों में रखी कुल 603 बल्क लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसकी बाजार में कुल कीमत 8,83,500 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से ही वाहन चला रहे आरोपी मनोज पिता शंकरराव खेरकर निवासी माधवनगर, उज्जैन को गिरफ्तार कर लिया। शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि तस्करी के लिए यह वाहन उज्जैन निवासी मनीष राय ने उपलब्ध कराया था। सांवेर थाना पुलिस ने पकड़े गए चालक मनोज, गाड़ी मालिक मनीष राय और शराब सप्लाई करने वाली दुकान के अज्ञात सेल्समैन के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बैंक का खाता निकला म्यूल अकाउंट, 2 आरोपियों पर केस

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शहर में साइबर अपराधियों को बैंक खाते (म्यूल अकाउंट) किराए पर मुहैया कराने वाले सिंडिकेट के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी है। तुकोगंज थाना पुलिस ने रेसकोर्स रोड स्थित बैंक शाखा के एक खाते का साइबर अपराधों में इस्तेमाल होने पर दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों ने वित्तीय लाभ और कमीशन के लालच में अपने बैंक खाते को साइबर ठगों के नेटवर्क को सौंप दिया था, जिसके जरिए देशभर में हुई ऑनलाइन ठगी की रकम का लेनदेन किया जा रहा था।

पुलिस के अनुसार, रेसकोर्स रोड स्थित आईडीएफसी बैंक की शाखा में संचालित एक बैंक खाते के संबंध में साइबर पोर्टल से संदिग्ध ट्रांजेक्शन का इनपुट प्राप्त हुआ था। तकनीकी जांच और सत्यापन करने पर सामने आया कि यह खाता उमेश लालवानी निवासी अशोक नगर, एरोड्रम, इंदौर के नाम पर पंजीकृत है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी उमेश लालवानी ने अपने साथी ऋषि ठाकुर के साथ मिलकर इस खाते को साइबर अपराधियों को 'म्यूल अकाउंट' के रूप में इस्तेमाल करने के लिए उपलब्ध कराया था। जांच अधिकारियों के मुताबिक, देश के विभिन्न राज्यों में साइबर ठगी का शिकार हुए पीड़ितों से ऐंठी गई राशि को सबसे पहले इसी बैंक खाते में ट्रांसफर कराया जाता था, जिसके बाद फर्जी सिम और डिजिटल माध्यमों से राशि अन्य खातों में ट्रांसफर या विड्रॉ कर ली जाती थी। मामला स्पष्ट होने के बाद तुकोगंज थाना पुलिस ने प्राथमिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी उमेश लालवानी और उसके सहयोगी ऋषि ठाकुर के खिलाफ धोखाधड़ी व साइबर अपराध की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अब दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है और खाते से हुए कुल वित्तीय ट्रांजेक्शन का ब्योरा खंगाल रही है।

# स्कायलाइन रिसोर्ट में काम करने वाली युवती को कर्मचारी ने पीटा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अलग-अलग कारणों से सूर्खियों में बने रहने वाले स्कायलाइन रिसोर्ट में कल दोपहर उस वक्त हंगामा मच गया जब रिसोर्ट में काम करने वाली एक युवती को वहीं के एक कर्मचारी ने अपशब्द कहते हुए पीट दिया। युवती ने युवक की शिकायत पुलिस को की है। मिली जानकारी के अनुसार स्कायलाइन रिसोर्ट में रिसेपशन पर काम करने वाली युवती की कल जब ड्यूटी खत्म हुई तो उसने शिफ्ट चेंज कर ड्यूटी पर आए अनमोल चौधरी को काम सौप दिया। इसी दौरान किसी बात पर अनमोल ने युवती को अपशब्द कहे। जब युवती ने अनमोल को टोका तो उसने उसे पीट दिया। युवती ने मामले की शिकायत तेजाजी नगर पुलिस को की है।

# युवक को चाकुओं से गोदा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

रावजी बाजार थाना क्षेत्र में अज्ञात तीन बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मूल रूप से रतलाम निवासी करण (24) पिता देवेश एक माह पूर्व ही रोजगार की तलाश में इंदौर आया था और जबरन कॉलोनी स्थित अपनी मौसी के घर रह रहा था। बीती रात वह रावजी बाजार क्षेत्र में मरीमाता मंदिर के समीप से गुजर रहा था, तभी अज्ञात तीन बदमाशों ने उसे रोककर विवाद किया और चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। राहगिरों और पुलिस की मदद से घायल करण को तुरंत एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

## युवक ने खाया जहर, मौत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रीजनल पार्क के समीप रहने वाले बबलू पिता सत्यनारायण (35) ने जहर खाकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि युवक नशे का आदी था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी।



# फीडरों पर फाल्ट पासेस इंडिकेटर लगेंगे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** उच्चदाब लाइनों पर फाल्ट पैसेज इंडिकेटर लगाने की तैयारी के लिए बिजली कंपनी के विभाग प्रमुखों एवं इंदौर शहर के बिजली अधिकारियों के साथ कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने मीटिंग की।

इस दौरान बताया गया कि उच्चदाब लाइनों पर फाल्ट पैसेज इंडिकेटर लगाने के प्रमुख स्थान व तकनीकी, संचार व्यवस्था से जुड़े बिंदुओं पर विचार, आपूर्ति सुधार के लिए अधिकतम प्रयास के निर्णय लिए गए। मीटिंग में बताया गया कि एफपीआई लगाने से संबंधित क्षेत्र विशेष की सूचना तुरंत स्काडा कंट्रोल सेंटर एवं संबंधित अधिकारियों को मिल जाएगी, इससे फाल्ट ढूंढने के लिए वर्तमान में पेट्रोलिंग में लगने वाला समय बचेगा। सुधार कार्य में संलग्न उच्चदाब लाइन से संबंधित टीम सीधे फाल्ट वाले स्थान पर पहुंचेगी व कम समय में सुधार कार्य कर दिया जाएगा। इस व्यवस्था से फाल्ट सुधारने, ढूंढने का समय बचेगा, साथ ही फाल्ट होने के कारण कुल विद्युत आपूर्ति अवरोध की अवधि घटेगी, शिकायतों की संख्या में भी कमी आएगी। अधिकारी गजरा मेहता, एसएल करवाड़िया, राजेश जैन, अचल जैन, निर्मल शर्मा, संजय मालवीय, मनेंद्र गर्ग, आशीष तिवारी, रोहित उज्जैनकर, अमित पटेल, राकेश जौहर, सुनील सिंह, शैलेंद्र सिंह भदौरिया मौजूद थे।

## जैन तेरापंथ महिला मंडल देगी तुलसी कर्तृत्व पुरस्कार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अ.भा. तेरापंथ महिला मंडल द्वारा विशिष्ट महिला व्यक्तित्व को'आचार्य श्री तुलसी कर्तृत्व पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए देशभर से आवेदन आमंत्रित किए गए है। सोनाली पटवारी ने बताया कि आयोजन 23 सितम्बर को जैन विश्व भारती, लाडनूं, राजस्थान में होगा।

## सीटू ने किया यूनियन को बाहर रखने का विरोध

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** केन्द्र सरकार ने 21 जुलाई क़ो लेबर कोड लागू होने के बाद पुनर्गठित 'केंद्रीय न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड' की अधिसूचना जारी की, जिसे बाद में जारी किया गया। इन्ही मुद्दों पर सीटू ने न्यूनतम वेतन बोर्ड से प्रमुख ट्रेड यूनियनों को बाहर रखने की निंदा की और कहा कि केन्द्र सरकार मजदूर विरोधी अपना रही है जिसका सीटू देश और प्रदेश के साथ इन्दौर में भी विरोध जता रही है और यह भी कहा गया कि 3 प्रमुख केंद्रीय ट्रेड यूनियनों को उक्त न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड में प्रतिनिधित्व देने से बदले की भावना से वंचित रखा गया है। इससे एक त्रिपक्षीय सलाहकार बोर्ड के तौर पर इसकी विश्वसनीयता की जड़ पर ही प्रहार हुआ है। अपनी पसंद के लोगों को चुनकर और दूसरों को बाहर रखकर बनाया गया यह न्यूनतम वेतन सलाहकार बोर्ड 'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' के नाम पर वेतन को दबाने और उसे जायज़ ठहराने के लिए बनाया गया है। सीटू के महासचिव सीएल सर्रावत ने कहा कि केन्द्र सरकार पूंजीपतियों को फायदा पहुंचा रही है और बदले की भावना से काम कर रही है। कामकाजी लोगों की वास्तविक औसत आय में लगातार गिरावट आ रही है, रोजगार की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है।

# दिल्ली इमारत हादसे में देवास का अर्पित भी



### अर्पित देवास से कल सुबह 7 बजे ही दिल्ली पहुंचा था...और दोपहर में ये हादसा हो गया

**देवास ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** देवास का अर्पित पिता भूपेन्द्र जाज रक्षाबंधन की छुट्टी पर घर आया हुआ था और कल छुट्टी समाप्त कर वह कल सुबह ही दिल्ली पहुंचा था और दोपहर में दिल्ली में इमारत गिरी, जिसमें कुछ लोगों की मृत्यु हुई उस हादसे में अर्पित जाज का भी निधन हो गया। अर्पित के शव को देवास लाने की जुगत की जा रही है। देवास कलेक्टर ने भी अर्पित के निधन पर दुःख जताया।

# मध्य प्रदेश स्टेट रोलबॉल चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह



**इंदौर।** द वेदांश इंटरनेशनल स्कूल, कैंपस-2, सुपर कॉरिडोर में 5 एवं 6 सितंबर को आयोजित मिनी एवं सब-जूनियर मध्य प्रदेश स्टेट रोलबॉल चैंपियनशिप का भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में अंडर-11 बालक वर्ग में मंदसौर टीम विजेता, भोपाल टीम उपविजेता रही, जबकि देवास टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-11 बालिका वर्ग में भोपाल टीम विजेता, इंदौर टीम उपविजेता तथा उज्जैन टीम तृतीय स्थान पर रही। अंडर-14 बालक वर्ग में मंदसौर टीम विजेता, भोपाल टीम उपविजेता तथा देवास टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 बालिका वर्ग में भोपाल टीम विजेता, उज्जैन टीम उपविजेता तथा इंदौर टीम तृतीय स्थान पर रही। मुख्य टूर्नामेंट की क्लोजिंग सेरेमनी में मुख्य अतिथि रितेश नागर, एम.पी. हायर एजुकेशन, गवर्नमेंट कॉलेज के स्पोर्ट्स ऑफिसर रहे। इस अवसर पर वेदांश इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल रेनू गुरनानी एवं स्पोर्ट्स एचओडी अभिषेक यादव सहित ऋत्विक मिश्रा , हाईकोर्ट एडवोकेट, राकेश सलीम एवं गुरुवचन सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सीनियर इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश का शानदार प्रदर्शन

**इंदौर।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में 29 अगस्त से 3 सितंबर तक आयोजित पावर लिफ्टिंग इंडिया नेशनल सीनियर इक्विप्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का गौरव बढ़ाया । प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पुरुष टीम ने टीम चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी पदक और महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किए।

प्रतियोगिता के 83 किलोग्राम भार वर्ग में मध्य प्रदेश के शैलेंद्र सेवतीया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 335 किलोग्राम स्क्वाट, 210 किलोग्राम बेंच प्रेस और 300 किलोग्राम डेडलिफ्ट सहित कुल 845 किलोग्राम वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें ओपन वर्ग का भारत का बेस्ट लिफ्टर भी चुना गया।

83 किलोग्राम भार वर्ग में ही मध्य प्रदेश के योगेश नाथ ने 310 किलोग्राम स्क्वाट, 200 किलोग्राम बेंच प्रेस और 277.5 किलोग्राम डेडलिफ्ट के साथ कुल 787.5 किलोग्राम वजन उठाकर द्वितीय स्थान हासिल किया।

105 किलोग्राम भार वर्ग में शशांक जोशी ने 362.5 किलोग्राम स्क्वाट, 202.5 किलोग्राम बेंच प्रेस और 302.5 किलोग्राम डेडलिफ्ट के साथ कुल 867.5 किलोग्राम वजन उठाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 120 किलोग्राम भार वर्ग में यशवर्धन सिंह ने कुल 820 किलोग्राम वजन उठाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । इसी वर्ग में मध्य प्रदेश के आनंद कुमार पटेल ने कुल 660 किलोग्राम वजन के साथ छठा स्थान हासिल किया। हालांकि, आनंद पटेल का प्रदर्शन डेडलिफ्ट स्पर्धा में विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। उन्होंने 295 किलोग्राम डेडलिफ्ट उठाकर अपने भार वर्ग में डेडलिफ्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 120द्द किलोग्राम भार वर्ग में मध्य प्रदेश के चित्रांश भारद्वाज ने 355 किलोग्राम स्क्वाट, 182.5 किलोग्राम बेंच प्रेस और 265 किलोग्राम डेडलिफ्ट सहित कुल 802.5 किलोग्राम वजन उठाकर पांचवां स्थान प्राप्त किया।

## श्रीलंका ने आखिरी ओवर में बांग्लादेश को हराया, महिला एशिया कप के सेमीफाइनल में मारी एंट्री

**दुबई ।** भारत के बाद श्रीलंका ने भी महिला एशिया कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। डिफेंडिंग चैंपियन श्रीलंका ने अपने तीसरे मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ रोमांचक जीत हासिल की। ग्रुप के मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए बांग्लादेश ने 8 विकेट पर 114 रन बनाए। श्रीलंका ने आखिरी ओवर में मैच को 4 विकेट से अपने नाम करके सेमीफाइनल में एंट्री मार ली।

दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टॉस हारने के बाद बांग्लादेश की टीम पहले बैटिंग करने उतरी। सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर ने जुवैरिया फिरदौस के साथ मिलकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 31 रन जोड़े लेकिन तेजी से रन नहीं बना पाईं। इस दौरान उन्होंने 29 गेंदों का सामना किया। चमुदी प्रबोधा ने फिरदौस के रूप में बांग्लादेश को पहला झटका दिया। वह 10 गेंदों में 14 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद दिलारा (26) ने शोभना मोस्तरी के साथ दूसरे विकेट के सिर्फ 13 रन जुटाए। 9.5 ओवरों तक टीम का स्कोर 52/3 था।

इसके बाद शोभना मोस्तरी ने शोर्ना अख्तर (9) के साथ चौथे विकेट के लिए 40 गेंदों में 41 रन की साझेदारी करते हुए टीम को शतक के बेहद करीब पहुंचाया। शोभना ने टीम के लिए 34 रन बनाए। 41 गेंदों की पारी में उनके बल्ले से 4 चौके निकले। श्रीलंका के लिए चमुदी प्रबोधा ने 4 ओवरों में 21 रन देकर 3 विकेट निकाले। उनके अलावा, सुगंधिका कुमारी ने 2 विकेट चटकाए। कप्तान चमारी अट्टापट्टू और कविशा दिलहारी को 1-1 विकेट हाथ लगा।

इसके जवाब में श्रीलंका ने 19.2 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस टीम को 7 के स्कोर पर कप्तान चमारी अट्टापट्टू (1) के रूप में बड़ा झटका लगा। इसके बाद टीम ने 44 के स्कोर तक अपने 5 विकेट गंवा दिए थे। यहां से निलाक्षिका सिल्वा ने हर्षिता समरविक्रमा के साथ छठे विकेट के लिए 38 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 82 के स्कोर तक पहुंचाया।

# ताराचंद सेन्टर की 4 बालिकाओं का चयन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सीहोर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय स्कूल कुश्ती प्रतियोगिता कल 8 से 10 सितम्बर तक आयोजित होगी। इंदौर के ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर की 4 बालिकाएं लवंशिका हार्डिया, तन्वी हार्डिया, सुहानी चौहान, वैष्णवी पाल का चयन राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए किया गया है। ये सभी बालिकाएं रमेश मिस्त्री पहलवान से कुश्ती का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। इस सेंटर पर निशुल्क बालिकाओं को कुश्ती का प्रशिक्षण दिया जाता है 150 से अधिक बालिकाएं तीन शिफ्ट में कुश्ती का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

## मप्र के पॉवरलिफ्टिंग रेफरी ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम





**इंदौर।** मध्य प्रदेश। मध्य प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में आयोजित नेशनल पॉवरलिफ्टिंग रेफरी परीक्षा में प्रदेश के रेफरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस परीक्षा में मध्य प्रदेश के राजेश्वर वर्मा, जितेंद्र चौहान एवं सांत्वना शर्मा ने लिखित एवं प्रैक्टिकल दोनों परीक्षाएँ सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पावर लिफ्टिंग इंडिया द्वारा इन तीनों का चयन नेशनल केटेगरी -2 रैफरी के रूप में किया गया है। वहीं एस. तेंदुले ने नेशनल केटेगरी -1 रैफरी की लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। उनकी इस उपलब्धि के बाद पावर लिफ्टिंग इंडिया द्वारा उन्हें नेशनल केटेगरी -1 रैफरी के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। मध्य प्रदेश के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राष्ट्रीय स्तर की रेफरी परीक्षा में प्रदेश के चार रेफरी ने अपनी दक्षता और तकनीकी ज्ञान का प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। इससे प्रदेश में पॉवरलिफ्टिंग खेल के साथ-साथ तकनीकी अधिकारियों के स्तर में भी निरंतर हो रहे विकास को बल मिलता है।

## रिंकू सिंह कप्तानी में छाए, मेरठ मेवरिक्स ने जीता यूपी टी20 का खिताब

**नई दिल्ली।** यूपी टी20 लीग 2026 का खिताबी मुकाबला पूरी तरह से मेरठ मेवरिक्स के नाम रहा। रविवार को खेले गए खिताबी मैच में रिंकू सिंह की कप्तानी वाली मेरठ की टीम ने भुवनेश्वर कुमार की अगुआई वाली लखनऊ फॉल्कंस को 94 रनों के विशाल अंतर से मात देकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। यह दूसरा मौका है जब मेरठ ने इस टूर्नामेंट का खिताब जीता है इससे पहले साल 2024 में माधव कौशिक की कप्तानी में टीम चैंपियन बनी थी, जबकि 2025 के सीजन में भी मेरठ ने फाइनल तक का सफर तय किया था। इस जीत के साथ मेरठ ने क्वालिफायर 1 में लखनऊ के हाथों मिली हार का हिसाब भी बराबर कर लिया।

# साउथ अफ्रीका दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम का ऐलान




**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की टीम को अक्टूबर में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका का दौरा करना है। 9 अक्टूबर को दौरे का पहला टेस्ट मैच शुरू होगा। इस दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम का ऐलान हो गया है। प्रमुख बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन टीम में अपनी जगह बनाने में सफल रहे हैं। लाबुशेन लंबे समय से टेस्ट में रन नहीं बना रहे हैं। माना जा रहा था कि उन्हें टीम से ड्रॉप कर दिया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में लाबुशेन का बल्ला पूरी तरह फेल रहा था। उन्होंने तीन पारियों में 1, 31 और 4 रन बनाए थे। पिछली 20 टेस्ट पारियों में लाबुशेन के बल्ले से सिर्फ एक ही फिफ्टी निकली है। उनका बैटिंग औसत 55 से गिरकर 44 पर आ गया है। हालांकि सलामी बल्लेबाज जैक वेदराल्ड को जगह नहीं मिली है। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उनकी जगह मैट रेनशॉ ने ओपनिंग की थी। 6 टेस्ट के बाद वेदराल्ड का औसत 20 का है।

श्रीलंका के खिलाफ पिछले साल डेब्यू करने वाले ऑलराउंडर कूपर कोनॉली को टीम में जगह मिली है। कोनॉली ने अभी तक सिर्फ एक ही टेस्ट खेला है। इसके साथ ही बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन भी चुने गए हैं। 5 मैचों के अपने टेस्ट करियर में कुहनेमैन के नाम 25 विकेट हैं।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का स्क्वाडः पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कूपर कोनॉली, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, माइकल नेसर, मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

# भारत के दो पदक पक्के

## शीतल देवी ने कंपाउंड क्वालिफिकेशन में शानदार प्रदर्शन किया



**नई दिल्ली।** भारत ने रविवार को युगल गर्ग, पवन कुमार और तंवी इंगले के सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज के तीसरे चरण के दूसरे दिन दृष्टिबाधित वर्ग 1 में कम से कम दो पदक पक्के कर लिए। दृष्टिबाधित वर्ग 1 स्पर्धा में भारत के शानदार प्रदर्शन के साथ कंपाउंड वर्ग के तीरंदाजों ने भी क्वालिफिकेशन में दबदबा बनाया। दुनिया की नंबर एक और मौजूदा विश्व चैंपियन शीतल देवी ने महिला वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि भारतीय पुरुष और महिला टीम ने भी शीर्ष वरीयता हासिल की।

जम्मू की बिना हाथ वाली पैरा तीरंदाज शीतल ने 720 में से 698 अंक हासिल कर महिला कंपाउंड क्वालिफिकेशन में शीर्ष वरीयता हासिल की। चार भारतीय तीरंदाज अंतिम-16 के दूसरे दौर में पहुंचे। इनमें लालपती 11वीं, सरिता 12वीं और पायल नाग 14वीं वरीयता पर रहीं। पायल ने स्लोवाकिया की डोमिनिका पेट्रोविकोवा को 140-131 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत ने महिला कंपाउंड टीम क्वालीफिकेशन में भी शीर्ष स्थान हासिल किया। शीतल, लालपती और सरिता ने मिलकर 1,368 अंक जुटाए और चीन से दो अंक आगे रहीं। ड्रॉ में पांच टीम होने के कारण भारत को सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिला। अब उसका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त स्लोवाकिया और चौथी वरीयता प्राप्त कजाखस्तान के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल के विजेता से होगा। इस तरह भारतीय तिकड़ी पदक पक्का करने से सिर्फ एक जीत दूर है।

## भारत ने बांग्लादेश को 3-0 से हराया, एशिया कप के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** भारत ने 20 साल बाद एएफसी अंडर-20 एशियन कप के लिए क्वालीफाई किया: बांग्लादेश को 3-0 से हराया; सीरिया की हार से मिला टिकट, मार्च में चीन में टूर्नामेंट भारतीय अंडर-20 फुटबॉल टीम ने 20 साल बाद एएफसी अंडर-20 एशियन कप के मुख्य टूर्नामेंट में जगह बना ली है। ब्लू कोल्ट्स ने रविवार को ताशकंद में खेले गए ग्रुप-बी के आखिरी क्वालीफायर में बांग्लादेश को 3-0 से हराया। इसके बाद उज्बेकिस्तान ने सीरिया को 3-0 से हरा दिया, जिससे भारत 6 अंक के साथ ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहा और आठ ग्रुप की सात सर्वश्रेष्ठ रनर-अप टीमों में शामिल होकर मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर गया। भारत ने आखिरी बार 2006 में इस टूर्नामेंट के मुख्य चरण में खेला था। भारत ने क्वालिफाइंग राउंड में तीन मुकाबले खेले। टीम ने पहला मैच सीरिया के खिलाफ 1-0 से जीता था। इसके बाद उज्बेकिस्तान के खिलाफ उसे 0-4 से हार मिली। बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी मैच भारत के लिए करो या मरो जैसा था। जीत के साथ टीम के खाते में 6 अंक पहुंचे, लेकिन ग्रुप से क्वालीफिकेशन तभी पक्का होना था जब सीरिया, उज्बेकिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज न करे।

# वैभव की बल्लेबाजी देखने हजारों दर्शक पहुंचे स्टेडियम

**नई दिल्ली।** चेपक स्टेडियम की हवा में रविवार सुबह एक अलग ही गर्मी थी, और वह गर्मी सिर्फ चेन्नई के मौसम की नहीं थी। एमए चिदंबरम स्टेडियम के सी, डी और ई ब्लॉक के स्टैंड दर्शकों के लिए मुफ्त खोले गए थे, लेकिन तमिलनाडु क्रिकेट संघ ने शायद यह उम्मीद नहीं की थी कि करीब 12,000 लोग एक 15 साल के लड़के की एक झलक पाने के लिए मैदान की ओर दौड़ पड़ेंगे। 'वैभव भाई, वैभव जी, वैभव' के नारों से पूरा स्टेडियम गूंज रहा था। दलीप ट्रॉफी फाइनल के दौरान जब सूर्यवंशी बाउंड्री लाइन के पास प्रशंसकों का अभिवादन करने पहुंचे, तो स्टैंड्स में जुनून अपने चरम पर था। घरेलू क्रिकेट में ऐसा उन्माद अब केवल यादों और पुराने किस्सों में सिमटकर रह गया था। हाल के इतिहास में ऐसे दृश्य बेहद दुर्लभ रहे हैं। ऐसा ही पागलपन 30 जनवरी 2025 को दिखा था, जब विराट कोहली पूरे 12 साल के लंबे अंतराल के बाद रणजी ट्रॉफी में दिल्ली की तरफ से मैदान पर उतरे थे।



उससे भी पीछे जाएं, तो साल 2013 का वह ऐतिहासिक मैच याद आता है, जब लाहली में मुंबई और हरियाणा के बीच सचिन तेंदुलकर अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे थे। उस वक्त अपने भगवान की एक अंतिम झलक के लिए लगभग 15,000 प्रशंसक खिंचे चले आए थे।

**आईपीएल की आतिशबाजी से मिली राष्ट्रीय पहचान-**वैभव सूर्यवंशी अभी क्रिकेट के उस शिखर पर नहीं पहुंचे हैं, जहां सचिन और विराट जैसे दिग्गज दशकों से विराजमान हैं। लेकिन आईपीएल 2026 में उनके बल्ले से निकली आतिशबाजी ने इस 15 वर्षीय युवा खिलाड़ी को रातों-रात उस लोकप्रियता के पायदान पर खड़ा कर दिया है, जो भारतीय क्रिकेट इतिहास में बेहद कम खिलाड़ियों को नसीब होती है।

# सीबीएसई विद्यालयीन बास्केटबॉल टूर्नामेंट में 1500 खिलाड़ियों ने शिरकत की

**इंदौर।** इंदौर के गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित चार दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबाल चैंपियनशिप (बालक वर्ग – अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19) का रोमांचक फाइनल मुकाबलों एवं गरिमामय समापन हुआ । प्रदेश के लगभग 78 सीबीएसई विद्यालयों की 128 टीमों और 1500 खिलाड़ियों की सहभागिता वाली इस भव्य विद्यालयीन प्रतियोगिता ने चार दिनों तक खेल कौशल, अनुशासन, टीम भावना और उत्कृष्ट आयोजन का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया ।

प्रतियोगिता के तीनों आयु वर्गों में विजेता, प्रथम उपविजेता एवं द्वितीय उपविजेता टीमों को आकर्षक ट्रॉफी, पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता परिणाम अंडर-14 वर्ग में जी.डी. गोयंका स्कूल, ग्वालियर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। अंडर-17 वर्ग में आई.टी.एम. ग्लोबल स्कूल, ग्वालियर ने विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया । अंडर-19 वर्ग में एनी बेसेंट स्कूल, इंदौर ने चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

पुरस्कार वितरण लेफ्टिनेंट कर्नल सुरेन्द्र कुमार बरोत्रा ने किया। इस अवसर पर सीबीएसई ऑब्जर्वर अनुराग हार्डिया, सीबीएसई टेक्निकल ऑफिशियल धर्मेंद्र सिंह चंद्रावत तथा बीएफआई के चीफ रेफरी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से डायरेक्टर गोपाल अग्रवाल, एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य ट्रेवर ब्राउन, स्कूल हेड मेहर पटेल, स्पोर्ट्स हेड डगलस ब्राउन भी मौजूद थे । संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिकाओं अंजुरी बैरागी, एमी थॉमस एवं दिव्या तिवारी तथा उनकी टीम ने किया। कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी विद्यालय के शिक्षक अनुराग जैन द्वारा प्रदान की गई।

# भंगार बेचने की बात पर खूनी संघर्ष पिता-पुत्र पर लोहे के सरियों से हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के नायता मुंडला इलाके में मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। भंगार बेचने को लेकर हुए विवाद के बाद समझौते की बातचीत करने पहुंचे एक परिवार पर तीन लोगों ने लोहे के सरियों से हमला कर दिया। हमले में पिता और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने खजराना निवासी तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी भूरी बी पति अकरम शाह, निवासी नायता मुंडला ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उनका बेटा आमिन शाह घर लौटा और उसने जानकारी दी कि भंगार बेचने की बात को लेकर दिलशाह खान नामक युवक से उसका विवाद हो गया था, जिसके बाद दिलशाह ने उसे गाल पर थप्पड़ मार दिया। बेटे के साथ हुई अभद्रता के बाद भूरी बी, उनके पति अकरम शाह और बेटा आमिन शाह मामले को बातचीत से सुलझाने और समझाने के लिए नायता मुंडला ब्रिज सर्विस रोड स्थित दिलशाह की दुकान पर पहुंचे। जैसे ही पीड़िता और उनका परिवार मोटरसाइकिल से उतरा, वहां मौजूद आरोपी रोशन खान, इरशाद और दिलशाह खान निवासी इसाक कॉलोनी, खजराना तीनों को देखते ही गालियां देने लगे। जब फरियादी पक्ष ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी आक्रोशित हो गए। आरोपी रोशन खान ने लोहे का सरिया निकालकर अकरम शाह पर हमला कर दिया और उनके साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। वहीं आरोपी दिलशाह खान ने लोहे के सरिये से आमिन शाह पर हमला कर दिया। बीच-बचाव के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग खड़े हुए। घटना के बाद पीड़ित परिवार तेजाजी नगर थाने पहुंचा।







# बेकाबू बुलेट सवारों का उत्पात.. टक्कर मारने के बाद बाइक सवार दोस्तों को पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एमआईजी थाना क्षेत्र में नेहरू नगर रोड पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वाले मनचलों की गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। एक ही बुलेट पर सवार होकर आ रहे तीन युवकों ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जब पीड़ित युवकों ने दुर्घटना का विरोध किया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने बुलेट के नंबर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी अंकित पिता आशाराम रजक निवासी एलआईजी कॉलोनी, इंदौर ने थाने पहुंचकर आपबीती दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि वह अपने दोस्त उमेश शर्मा के साथ हाई कोर्ट की तरफ से आ रहा था। जैसे ही वे नेहरू नगर रोड पर बैरवा समाज धर्मशाला के पास पहुंचे, सामने से बुलेट क्रमांक एमपी 09 झेडके 7383 पर सवार तीन युवक तेज गति व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए आए और उनकी मोटरसाइकिल में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अंकित और उसका दोस्त उमेश सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनकी बाइक का अगला मास्क टूट गया और वाहन को नुकसान पहुंचा। दुर्घटना के बाद जब पीड़ितों ने बुलेट चालक और उसके साथियों को ध्यान से गाड़ी चलाने की हिदायत दी और गाली देने से मना किया, तो तीनों आरोपी भड़क गए। आरोपियों ने गालियां देते हुए अंकित के साथ थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए।

# घूमने निकले दो दोस्तों का बन गया अंतिम सफर

## मरीमाता चौराहा के समीप कार ने एक्टिवा को रोड पार करते समय मारी टक्कर एक ने मौके पर तो दूसरे ने अस्पताल में तोड़ा दम, कार में हुई तोड़फोड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना क्षेत्र के मरीमाता चौराहे के पास देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। यहां एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार दो दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक्टिवा सवार दोनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे, जिनमें से एक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के बाद उग्र हुई भीड़ ने कार में तोड़फोड़ कर दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को जब्त कर आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

हादसा बीती रात करीब 11:30 बजे मरीमाता चौराहे के पास घटित हुआ। सत्यसाईं नगर निवासी राज पिता रवि सोनेरे (28) अपने दोस्त नंदकिशोर सोलंकी (30) के साथ एक्टिवा से देर रात घूमने निकले थे। जैसे ही वे मरीमाता चौराहे के समीप सड़क पार कर रहे थे, तभी अचानक सामने से आई तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 09 बीआर 8494





के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर लगते ही दोनों दोस्त कई फीट दूर जाकर गिरे। हादसे में सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण राज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल नंदकिशोर को राहगीरों और पुलिस की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बाद भी उसकी सांसें थम गईं। घटना के तुरंत बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। मौका पाकर आरोपी चालक वाहन छोड़कर भाग निकला, जिससे नाराज लोगों ने कार में तोड़फोड़ कर दी। सूचना मिलने पर पहुंची बाणगंगा पुलिस ने भीड़ को शांत कराया और क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर थाने भिजवाया। पारिवारिक पृष्ठभूमि की बात करें तो मृतक राज पेशे से कारीगर था और ओवन निर्माण का काम करता था। उसके परिवार में पत्नी, माता-पिता और दो भाई हैं। वहीं दूसरा मृतक नंदकिशोर सब्जी बेचने का काम करता था, जिसके परिवार में पिता के अलावा एक बड़ा व एक छोटा भाई है। दोनों युवकों की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। बाणगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और फरार कार चालक की तलाश में जुटी है।

### रिक्शा भी हुआ क्षतिग्रस्त

टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर तीन आटो रिक्शा भी क्षतिग्रस्त नजर आए। हादसे के बाद मौके पर भीड़ भी जमा हो गई। कार ने सड़क किनारे खड़े रिक्शा और ठेले को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वे पलट गए।

## विवाद के बाद पत्नी-बच्चों को घर से निकाला, फिर अंदर से दरवाजा बंद कर लगा ली फांसी

**इंदौर।** एमआइजी थाना इलाके में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि घरेलू विवाद के बाद व्यक्ति ने अपनी पत्नी और बच्चों को घर से बाहर निकाल दिया और अंदर से दरवाजा बंद कर फंदा लगा लिया। जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला, तो परिजनों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जब दरवाजा तोड़ा, तो अंदर का नजारा देखकर परिजनों के होश उड़ गए। मृतक का नाम मनोज पिता खेमचंद (50) निवासी सोमनाथ की चाल है। मृतक की बेटी नंदनी ने घटना के संबंध में बताया कि पिता मनोज का परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के दौरान ही गुस्से और तैश में आकर मनोज ने अपनी पत्नी और बच्चों को धक्के देकर घर से बाहर निकाल दिया और अंदर से मुख्य दरवाजे की कुंडी बंद कर ली। काफी देर तक जब घर के अंदर से कोई हलचल नहीं हुई और मनोज ने दरवाजा नहीं खोला, तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने आसपास के लोगों को इकट्ठा किया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एमआइजी थाने के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और परिजनों की मौजूदगी में जब दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, तो मनोज कमरे में फंदे पर झूलता हुआ मिला। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने तत्काल शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस परिजनों और पड़ोसियों के बयान दर्ज कर विवाद के असली कारणों का पता लगाने में जुटी है।

## लिफ्ट न देने की रंजिश में नुकीले हथियार से हमला युवक को किया लहूलुहान

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के नंदा नगर इलाके में लिफ्ट न देने जैसी मामूली बात को लेकर रंजिश पालकर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने पुरानी बात पर विवाद करते हुए युवक के साथ मारपीट की और तैश में आकर नुकीली वस्तु से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी के मौके पर पहुंचते ही आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी पवन पिता सुरेश नायक निवासी नंदा नगर ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि इलाके में ही रहने वाला आरोपी अजय उर्फ अज्जू पिता ओमप्रकाश सोलंकी अचानक उसके पास आया। आरोपी पूर्व में लिफ्ट नहीं देने की बात को लेकर पुरानी रंजिश भुनाते हुए बेवजह गालियां देने लगा। जब पवन ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी आक्रोशित हो गया। आरोपी अज्जू ने गालियां देते हुए पवन के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान ही आरोपी ने अपने पास रखी किसी धारदार व नुकीली वस्तु से पवन के बाएं पैर की जांघ पर दो बार जोरदार वार कर दिए। नुकीली वस्तु लगते ही गहरे घाव हो गए और जांघ से तेजी से खून बहने लगा। अचानक हुए हमले और दर्द से जब पीड़ित पवन जोर-जोर से चिल्लाया, तो उसकी आवाज सुनकर पास में ही रहने वाले पड़ोसी महादेव गायकवाड़ तुरंत मदद के लिए बाहर दौड़े। पड़ोसी को आता देख आरोपी अजय उर्फ अज्जू मौके से भाग निकला।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।